✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 36 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 2 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारियों का तबादला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे अमिताभ सिंह को उप विकास आयुक्त सिवान के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे अनिल कुमार को संयुक्त सचिव समाज कल्याण विभाग में बनाया गया है। गिरिधारी लाल को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

### रिश्वत लेते धरे गये एएसआइ

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के राजेपुर थाना में पदस्थापित एएसआई मुन्ना यादव को रिश्वत लेते हुए निगरानी विभाग की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि एएसआई ने एक विवादित मामले में कार्रवाई और समझौता कराने के नाम पर पीड़ित से रिश्वत मांगी थी। बुधवार को उन्होंने पीड़ित को थाने बुलाकर 8 हजार रुपये की रिश्वत ली तभी निगरानी विभाग की टीम ने छापेमारी कर उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल टीम आरोपी से पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### 18 माह का डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक होंगे बर्खास्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर एक अहम कदम उठाया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने टीआरइ-3 (विज्ञापन संख्या-22/2024) के तहत नियुक्त शिक्षकों की सेवा स्थिति की विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। यह निर्देश खास तौर पर उन अभ्यर्थियों से जुड़ा है जिन्होंने एनआइओएस (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग) से 18 माह का डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस आदेश के बाद राज्यभर में शिक्षा विभाग के स्तर पर हलचल तेज हो गई है। बताया जाता है कि विभाग ने ऐसे शिक्षकों को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है।

### दयाशंकर बने औरंगाबाद के नये जिला शिक्षा पदाधिकारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के 13 पदाधिकारियों का स्थानांतरण एवं नई पदस्थापना की अधिसूचना जारी की है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने 30 जून को अधिसूचना जारी करते हुए सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार औरंगाबाद के जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार का तबादला जहानाबाद के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर किया गया है। वहीं जमुई के जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर को औरंगाबाद का नया जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है।

### बिहार कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

# बिहार में खुलेंगे पांच केंद्रीय विद्यालय, लोगों को धार्मिक यात्रा कराएगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद् के नए सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित मंत्रिपरिषद् के सदस्य मंत्रिमंडल बैठक सभागार में पहुंचे और कई बड़े निर्णयों पर सहमति दी। बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के 31 बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास के लिए पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा बड़े फैसलों में पांच नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए पांच-पांच एकड़ सरकारी जमीन देने पर स्वीकृति दी गई। ऐसे फैसलों की जानकारी खुद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर आकर भी दी। बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना हेतु 5-5 एकड़ आवश्यक सरकारी भूमि को उपलब्ध कराने के



प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पूर्णिया में मौजा-मधुबनी, नालंदा में यह राजगीर (मौजा-पिलखी, शेखपुरा में यह मौजा-नीमी, मधेपुरा में यह मौजा-साहुगढ़ और मधुबनी जिले में यह राजनगर अंचल के मौजा-सतिहारपुर में केंद्रीय विद्यालय बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना से बिहार के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शैक्षणिक संसाधन एवं बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। कैबिनेट में धार्मिक यात्रा को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व- 1000 वर्ष की अटूट आस्था के अवसर पर बिहार के लगभग 1100 श्रद्धालुओं के लिए 20 जुलाई 2026 से दो दिवसीय 'सोमनाथ यात्रा' आयोजित करने का फैसला बिहार कैबिनेट में लिया गया है। राज्य सरकार पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत जिन 31 बस स्टैंड को नए रूप में विकसित करेगी उसमें पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा, पूर्णिया, मुंगेर, कटिहार, सहरसा, नवादा, मधुबनी, किशनगंज सहित राज्य के विभिन्न जिलों के बस स्टैंड शामिल हैं। इनका विकास आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय, पार्किंग, व्यावसायिक सुविधाओं, डिजिटल सेवाओं, स्वच्छता एवं बेहतर यातायात प्रबंधन जैसी सुविधाओं के साथ किया जाएगा।

# बिहार के हर सरकारी अस्पताल में लगेंगे सीसीटीवी : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालने के बाद निशांत कुमार लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। वह लगातार सरकारी अस्पतालों का दौरा कर रहे हैं और जहां भी लापरवाही मिल रही है वहां तुरंत कार्रवाई कर रहे हैं। अब स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया है। निशांत कुमार ने घोषणा की है कि बिहार के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य अस्पतालों में डॉक्टरों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर प्रभावी निगरानी रखना और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है जिसकी मदद से स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम से ही सभी



अस्पतालों की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह खुद विभाग से अस्पतालों की मॉनिटरिंग करेंगे और जरूरत पड़ने पर निरीक्षण के लिए टीमों को भी भेजा जाएगा। हालांकि सरकार की प्राथमिकता यही रहेगी कि अधिकतर निगरानी कंट्रोल रूम से ही हो सके। अगर कहीं भी किसी तरह की लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। निशांत कुमार ने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी चिंता डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की अनुपस्थिति है।

# उत्तर प्रदेश में 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगा जदयू : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में अब दूसरे राज्यों की ओर गंभीरता से रुख करना शुरू कर दिया है। नॉर्थ ईस्ट में अलग उतरने का खामियाजा भुगत चुका जदयू अब पंजाब के साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। जदयू के यूपी प्रभारी और राज्य के वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार ने यूपी की 25 सीटों पर एनडीए के घटक के रूप में उतरने की योजना पर बुधवार को विस्तार से बात की। बिहार सरकार के मंत्री और जदयू के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रत्याशी उतारने को लेकर गंभीर है। पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए का हिस्सा है। कई राज्यों में पहले जदयू अकेले चुनाव में उतर चुका है लेकिन अब पहले के मुकाबले राष्ट्रीय



जनतांत्रिक गठबंधन में हम बेहतर समन्वय कर रहे हैं। इसलिए जदयू ने एनडीए के सबसे बड़े दल- भारतीय जनता पार्टी के साथ वहां चुनाव में उतरना चाह रहा है। बिहार में एनडीए ने लंबे समय तक नीतीश कुमार का नेतृत्व देखा है और अब वह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी को बड़े फलक पर ले जाना चाहते हैं तो भाजपा से सकारात्मक संकेत का इंतजार है।

# बिहार की समृद्धि से ही प्रशस्त होगा देश की उन्नति का मार्ग : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के 71वें बैंक दिवस समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक, पटना सर्किल द्वारा सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में आयोजित बैंक दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने 71 साल पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि बैंक सीडी रेशियो को बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक करने का प्रयास करें। बैंकर्स को हम आश्वस्त करते हैं कि सरकार ऋण का भुगतान सुनिश्चित करायेगी। बिहार की समृद्धि से ही देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। 140 करोड़ भारतीयों में से 14 करोड़ बिहारवासी को आगे बढ़ाए बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता। अगले 20 साल में बिहार इतना आगे बढ़ेगा कि अपने



गौरवशाली इतिहास को पुनः प्राप्त कर लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के संस्थागत ऋण को बढ़ावा दें तथा केसीसी का लाभ अाकि से अाकि किसानों तक पहुंचाएं। बिहार में उद्योग का जाल बिछाना है इसमें बैंकर्स का सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में बिहार के एक करोड़ 87 लाख लोगों को विभिन्न सेक्टरों में सीधे रोजगार से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य देश टेक्नोलाजी में भले आगे हो लेकिन भारत बैंकिंग सेवा में सबसे आगे है, जहां यूपीआई के मायम से सर्वाधिक लोग राशि ट्रांसफर कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जन-धन खाता खुलवाकर गरीब लोगों की पहुंच बैंक तक बनाई है। भारत में बैंकिंग सेवा अब पूरी तरह से डिजिटल हो चुकी है। हमको यदि अपने जीवन को सफल बनाना है, उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ाना है तो हमें बैंकर्स के साथ जुड़ना ही होगा। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया पटना सर्किल के चीफ जनरल मैनेजर अनुराग जोशी ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक मैथिली ठाकुर, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, एसबीआई, पटना सर्किल के चीफ जनरल मैनेजर अनुराग जोशी, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, अयक्ष एसबीआई लेडीज क्लब, पटना की पूजा जोशी सहित बैंक से जुड़े अधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के उप भवन (एनेक्सी) के मुख्य सभागार में बुधवार को बिहार विधान परिषद के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बिहार विधान परिषद के उपचुनाव एवं द्विवार्षिक चुनाव 2026 में निर्विरोध निर्वाचित 10 सदस्यों में एनडीए और महागठबंधन दोनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। जदयू की ओर से निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद ने शपथ ली। भाजपा की ओर से पवन सिंह, संजय प्रकाश मयूख, अनिल ठाकुर और शीला पंडित ने सदस्यता की शपथ ग्रहण की। वहीं



लोजपा (रामविलास) से अशरफ अंसारी और राजद से सुनील कुमार सिंह ने भी विधान परिषद सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आदि भी मौजूद रहे। वैसे तो सभी नवनिर्वाचित नेताओं को समय पर आने की ताकीद की गई थी, लेकिन भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को शपथ ग्रहण समारोह में तय वक्त से पहले आने के लिए खास तौर पर कहा गया था। वजह यह है कि वह बिहार विधान परिषद् में नामांकन के समय देर से आए थे। उन्होंने देर से आने पर खेद भी जताया था, लेकिन निर्वाचन प्रमाणपत्र लेने वह खुद नहीं आ सके थे। ऐसी स्थितियों को देखते हुए उन्हें समय से पहले उपस्थित होने के लिए विशेष ताकीद की गई। बुधवार को उन्हें ही सबसे पहले शपथ दिलाई गई।

# रिश्वत लेते प्रधान सहायक समेत दो गिरफ्तार

**चन्द्रमणी पांडेय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के हिलसा अनुमंडल कार्यालय में बुधवार की शाम निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोरी के आरोप में प्रधान सहायक नीलम चौधरी और उनके निजी सहायक सुनील कुमार को 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पूरे अनुमंडल कार्यालय में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार अनुमंडल कार्यालय में लंबे समय से रिश्वतखोरी की शिकायतें मिल रही थीं। एक मामले के निपटारे के बदले प्रधान सहायक द्वारा 20 हजार रुपये तथा उनके निजी सहायक द्वारा 2 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से की। शिकायत के सत्यापन के बाद पटना से पहुंची विजिलेंस की विशेष टीम ने



सुनियोजित तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही आरोपियों ने कार्यालय में रिश्वत की राशि स्वीकार की, पहले से घात लगाए बैठी टीम ने दोनों को रंगे हाथ दबोच लिया। कार्रवाई के बाद पूरे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विजिलेंस अधिकारियों ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को पूछताछ और आगे की कार्रवाई के लिए अपने साथ पटना ले गयी।

गौरवपूर्ण 37 वां वर्ष नवबिहार टाइम्स

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

NBT नवबिहार टाइम्स

नवबिहार टाइम्स के

37 वें स्थापना दिवस पर

सम्मान-सह-सांस्कृतिक समारोह

तिथि एवं समयः 4 जुलाई 2026 (शनिवार) संध्या 7 बजे से ●●● आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

स्थान-ए एन कॉलेज सभागार, बोरिंग रोड, पटना

सम्पर्क सूत्रः 7295863300 6206165107

सांस्कृतिक प्रस्तुतिः मुम्बई, कोलकाता एवं पटना के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा



बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

दिनांक 2 जुलाई को राज्य में प्रथम बार **"बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस"** का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही, दिनांक 2 से 8 जुलाई तक राज्य में **"बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** का आयोजन भी किया जा रहा है।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई के लिए बिहार सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई है। निगरानी विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से राज्य में पारदर्शी, उत्तरदायी एवं स्वच्छ प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में अपेक्षित बल मिल रहा है।

भ्रष्टाचार समाज एवं व्यवस्था को भीतर से कमजोर करता है तथा विकास की गति को बाधित करता है। यद्यपि समयबद्ध एवं प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, तथापि इसके दुष्परिणामों एवं चुनौतियों के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना भी उतना ही आवश्यक है।

**"बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** इसी जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर मैं राज्यवासियों से अपील करता हूँ कि वे भ्रष्टाचार-मुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

**"बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** की सफलता के लिए मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 006755 (Vigilance) D. 2026-27

C M Y K

# लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन करने का डा. प्रेम कुमार ने दिए निर्देश

## विधानसभा अध्यक्ष ने की सचिवालय की शाखाओं के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में विधानसभा की विभिन्न समितियों एवं सचिवालय की शाखाओं के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न समितियों के लंबित मामलों, कार्यप्रणाली एवं निष्पादन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति, प्राक्कलन समिति, शून्यकाल समिति, याचिका समिति, निवेदन समिति, कारा सुधार समिति, गैर सरकारी संकल्प समिति, बिहार विरासत विकास समिति सहित कई अन्य समितियों एवं शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि लोक लेखा समिति एवं सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति में कई मामले वर्षों से लंबित हैं। अध्यक्ष ने बताया कि 23 विभागों से संबंधित कंडिकाएं अभी भी लोक लेखा समिति में लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को वित्त विभाग एवं महालेखाकार कार्यालय के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर लंबित कंडिकाओं का निपटारा करने को कहा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधानसभा सचिवालय की कार्यप्रणाली को इस प्रकार सुदृढ़ किया जाए कि कोई भी कंडिका लंबित न रहे। उन्होंने शून्यकाल, याचिका, निवेदन, ध्यानाकर्षण एवं गैर सरकारी संकल्प से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विभागों से समय पर जवाब प्राप्त नहीं हो रहे हैं, उन्हें नियमित रूप से स्मार पत्र भेजे जाएं। यदि तीन स्मार पत्र भेजने के बाद भी उत्तर प्राप्त नहीं हो तो मुख्य सचिव को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण समिति, कारा सुधार समिति, पुस्तकालय समिति, कृषि उद्योग विकास समिति तथा आवास शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गई। आवास शाखा के संबंध में अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि जिन विधायकों ने अब तक आवंटित सरकारी आवास का प्रभार ग्रहण नहीं किया है, उनकी सभी औपचारिकताएं पूरी कराकर जल्द से जल्द आवास का प्रभार दिलाया जाए। बैठक में विधानसभा सचिवालय के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे और विभिन्न समितियों के कार्यों की प्रगति से अध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों से समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यशैली अपनाने पर बल दिया।

## विश्व खेल पत्रकार दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व खेल पत्रकार दिवस के अवसर पर देश और दुनिया के सभी खेल पत्रकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह दिवस खेल पत्रकारों की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि खेल पत्रकारिता खेल संस्कृति के विकास, प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खेल पत्रकार अपनी निष्पक्ष, सटीक और त्वरित रिपोर्टिंग के माध्यम से खेल जगत की हर गतिविधि से लोगों को अवगत कराते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1994 में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रेस संघ (एआईपीएस) ने अपनी 71वीं वर्षगांठ के अवसर पर विश्व खेल पत्रकार दिवस मनाने की शुरुआत की थी। एआईपीएस की स्थापना 2 जुलाई 1924 को पेरिस ओलंपिक के दौरान हुई थी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह दिवस उन खेल पत्रकारों के प्रयास, समर्पण और प्रतिबद्धता को वैश्विक स्तर पर सम्मान देने का अवसर है जो खेल आयोजनों से जुड़ी नवीनतम और सटीक जानकारी आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने सभी खेल पत्रकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया।

# सीएम आज करेंगे भूतनाथ से मलाहीपकड़ी तक मेट्रो सेवा का विस्तार

## तीन किलोमीटर और बढ़ी मेट्रो, आइएसबीटी से मलाहीपकड़ी तक शुरू होगा परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को भूतनाथ से मलाहीपकड़ी तक मेट्रो सेवा का विस्तार करेंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उद्घाटन के बाद आइएसबीटी से लेकर मलाहीपकड़ी तक मेट्रो का परिचालन शुरू हो जाएगा। विदित हो कि पटना में यातायात व्यवस्था बेहतर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मेट्रो सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद पटना मेट्रो का करीब 13,365 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। प्रथम फेज के पहले कॉरिडोर में 6 अक्टूबर 2025 को आइएसबीटी से भूतनाथ तक करीब 3.2 किलोमीटर मेट्रो का परिचालन शुरू किया गया था। उसके आठ माह बाद 2 जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भूतनाथ से मलाहीपकड़ी तक इस मेट्रो सेवा का विस्तार करेंगे। इसके बाद से पटनावासियों को आइएसबीटी से लेकर मलाहीपकड़ी तक करीब 6 किलोमीटर की दूरी तक मेट्रो की सेवा मिलने लगेगी। इससे लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। बताया जाता है कि पहले चरण में मेट्रो का परिचालन बैरियाचक से पाटलिपुत्र बस स्टैंड, जीरो माइल से होकर भूतनाथ तक शुरू किया गया था। दूसरी बार इसका विस्तार किया जा रहा है।

**मलाहीपकड़ी के बाद से भूमिगत हो जाएगी मेट्रो**

मलाहीपकड़ी के बाद से मेट्रो को शुरू करने के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे है। बताया जाता है कि मलाहीपकड़ी स्टेशन के बाद मेट्रो भूमिगत हो जाएगी और पीएमसीएच, गांधी मैदान, डाकबंगला होते हुए पटना जंक्शन तक जाएगी। इसमें छह भूमिगत स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें राजेंद्र नगर, मोइन उल हक स्टेडियम, पटना साइंस कॉलेज, पीएमसीएच, गांधी मैदान और आकाशवाणी मेट्रो स्टेशन शामिल है।

**एक पखवाड़े में शुरू होगा खेमनीचक मेट्रो स्टेशन**

विभागीय अधिकारियों के अनुसार भूतनाथ से मलाहीपकड़ी के बीच खेमनीचक स्टेशन का निर्माण किया गया है। वहीं से मेट्रो मीठापुर, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, करबिगहिया होते हुए पटना जंक्शन पहुंचेगी। एक पखवाड़े के अंदर खेमनीचक स्टेशन को शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

भूतनाथ से मलाहीपकड़ी तक मुख्यमंत्री द्वारा दो जुलाई को मेट्रो सेवा का विस्तार किया जाएगा। इसके बाद लोगों को आइएसबीटी से मलाहीपकड़ी तक लोगों को करीब 6 किलोमीटर की दूरी तक मेट्रो की सेवा मिलने लगेगी। पटनावासियों को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है।

**– विनय कुमार, प्रधान सचिव (नगर विकास एवं आवास विभाग)**

## स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की 122वीं जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की 122वीं जयंती बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अब्दुल कयूम अंसारी स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानी, समाज सुधारक और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका जीवन त्याग, सेवा और सामाजिक न्याय के आदर्शों से प्रेरित रहा जो आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके बताए आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा समाज में भाईचारा, समानता और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से मिले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

## बटाने और उत्तर कोयल जलाशय परियोजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान बटाने जलाशय परियोजना (हड़ियाही) तथा उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा क्षेत्र के विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों जलाशय परियोजनाएं क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से सिंचाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों को भी इसका व्यापक लाभ मिलेगा। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि विजय कुमार चौधरी ने परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की और आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन योजनाओं के कार्यों में तेजी आने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# सरकारी अस्पतालों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम से होगी निगरानी: निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों की निगरानी एक केंद्रीय कंट्रोल रूम से की जाएगी, ताकि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके और अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर लगातार नजर रखी जा सके। निशांत कुमार ने कहा कि अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता और उनके वितरण की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर दवाओं की आपूर्ति, वितरण या अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाही सामने आती है तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए राज्य के राष्ट्रीय और राज्यीय राजमार्गों पर 100 नई एम्बुलेंस की सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे दुर्घटना के बाद गोल्डन आवर के दौरान मरीजों तक शीघ्र चिकित्सा सहायता पहुंचाना संभव होगा और गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी।

निशांत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य की चिकित्सा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। नई निगरानी व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं के विस्तार से सरकारी अस्पतालों की कार्यक्षमता में सुधार होगा तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

## वैज्ञानिक जैविक कृषि तकनीक से किसानों को मिलेगा आधुनिक खेती का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इनेरा क्रॉप साइंस और क्रॉपनेक्स्ट सॉल्यूशंस ने बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा के किसानों तक विज्ञान आधारित जैविक कृषि तकनीक पहुंचाने के लिए बहुवर्षीय रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक जैविक कृषि समाधान उपलब्ध कराना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है। कंपनियों के अनुसार इस साझेदारी से लगभग 500 करोड़ रुपये के कारोबारी अवसर सृजित होने की संभावना है। साथ ही 5000 से अधिक चैनल पार्टनर्स और खुदरा केंद्रों के जरिए 65 लाख से अधिक किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल करीब 20 लाख एकड़ कृषि भूमि में जैविक कृषि इनपुट्स के उपयोग को बढ़ावा देगी।

# अर्थव्यवस्था के दमदार आंकड़ों ने राहुल गांधी के झूठ और भ्रम की राजनीति की खोली पोल : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था के ताजा आंकड़ों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झूठ, भ्रम और निराशा फैलाने वाली राजनीति को करारा जवाब दिया है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत की 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी ने पिछले कई वर्षों से देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार गलत नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया है जब भी भारत कोई आर्थिक उपलब्धि हासिल करता है, राहुल गांधी और कांग्रेस उसे स्वीकार करने के बजाय देश में निराशा फैलाने और विदेशों में भारत की छवि पर सवाल खड़े करने का काम करते हैं, लेकिन हर बार देश की उपलब्धियां उनके दावों को झूठा साबित कर देती है। उन्होंने कहा कि चीन की विकास दर लगभग 4 प्रतिशत, अमेरिका की करीब 2 प्रतिशत और कई यूरोपीय देशों की औसत विकास दर 1 प्रतिशत के आसपास है। ऐसे समय में भारत का 6.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार की नीतियां मजबूत हैं और देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय तनाव के हर दौर में राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर आशंकाएं जताईं। उन्होंने बार-बार यह माहौल बनाने की कोशिश की कि भारत आर्थिक रूप से कमजोर हो रहा है, लेकिन मोदी सरकार के मजबूत आर्थिक प्रबंधन ने हर चुनौती का सामना किया और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनाए रखा। आज जीडीपी के आंकड़ों ने राहुल गांधी के हर झूठे दावे को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि सरकार का विरोध करना और भारत का विरोध करना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। राजनीतिक विरोध के नाम पर देश की आर्थिक उपलब्धियों को नकारना, निवेशकों का भरोसा कमजोर करने वाले बयान देना और दुनिया के सामने भारत की नकारात्मक तस्वीर पेश करना केवल उनकी हताशा को दर्शाता है। श्री सिन्हा ने कहा कि रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, बढ़ता विदेशी निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था का तेज विस्तार, तेजी से विकसित होता इंफ्रास्ट्रक्चर और लगातार मजबूत होती जीडीपी इस बात के प्रमाण हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियाद पर आगे बढ़ रही है। इन उपलब्धियों ने राहुल गांधी के झूठे नैरेटिव और कांग्रेस के दुष्प्रचार की हवा निकाल दी है।

# उद्योग विभाग की अभिनव पहल: एसआइपीबी समाधान शिविर से निवेशकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन

## शिविर के प्रथम दिन 48 औद्योगिक इकाइयों के मामलों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व में उद्योग विभाग, बिहार राज्य में निवेशकों को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा कारोबार करने में आसानी को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। निवेशकों की लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान तथा विभिन्न स्वीकृतियों एवं वित्तीय प्रोत्साहनों के समयबद्ध निष्पादन के उद्देश्य से विभाग द्वारा एसआईपीबी समाधान शिविर की अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। 1 जुलाई से 9 जुलाई, 2026 तक राज्य के विभिन्न जिलों के उद्यमियों के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें निवेशकों की लंबित समस्याओं तथा विभिन्न आवेदनों की संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा समीक्षा कर उनके त्वरित निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उद्योग निदेशक-सह-सदस्य सचिव, राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को एसआईपीबी समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

# बाढ़ से पशुओं की मृत्यु होने पर पशुपालकों को मिलेगी सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पशुपालकों की आय बढ़ाने और उन्हें सहयोग देने के लिए बिहार सरकार का डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विभाग ने बाढ़ के समय पशुओं की मृत्यु होने पर पशुपालकों को होने वाली आर्थिक क्षति से निपटने के लिए सहायता राशि देने की घोषणा की है। योजना के तहत सूखा, वज्रपात और अग्निकांड से भी पशुओं की मृत्यु होने पर पशुपालकों को सहायता राशि दी जाती है। माना जा रहा है कि इस पहल से बाढ़ प्रभावित पशुपालकों को राहत मिलेगी। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार सहायता अनुदान दे रही है। विभाग ने सहायता अनुदान के दावे एवं भुगतान की प्रक्रिया बताई है जिसमें कहा गया है कि पशु की मृत्यु के पश्चात यदि शव प्राप्त हो तो ऐसी स्थिति में पशुपालक को निकटतम पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना देनी होगी और विहित प्रपत्र (प्रपत्र-क) में आवेदन करना होगा। आवेदन मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद सदस्य/सरपंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिए।

# राज्य में वीबी-जी राम जी योजना लागू, अधिवेशन भवन में शुभारंभ समारोह आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 1 जुलाई से देश के साथ ही विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (वीबी- जीरामजी), 2025 लागू हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर लागू इस नए अधिनियम की शुरुआत से संबंधित विशेष कार्यक्रम गुरुवार को पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण विकास के मंत्री श्रवण कुमार करेंगे जिसमें विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रहेगी। इस दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों तिरूपति में होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी होगा। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की मानें तो इस शुभारंभ समारोह में योजना से संबंधित कंपेडियम का विमोचन मंत्री श्री कुमार के हाथों किया जाएगा। साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री चौहान का वीडियो कांफ्रेंसिंग संबोधन और राज्य के कुछ लाभार्थियों से उनकी बातचीत होगी। पूर्व के मनरेगा के स्थान पर लागू इस नई योजना के क्रियान्वयन को लेकर विभागीय मंत्री श्री कुमार ने बताया कि बिहार में लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। राज्य स्तरीय योजना/अनुसूची कोड सृजित करने के साथ राज्य बजट में अकुशल मजदूरी मद में भारी-भरकम राशि का प्रावधान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बिहार जैसे राज्य में योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार से 6 हजार 715 करोड़ रुपए का अंतरिम बजट निर्धारित किया गया है। यह राशि आगामी सिर्फ 9 महीने के लिए है। योजना के लागू होने के बाद अब श्रमिकों को वर्ष में 100 की बजाय 125 दिनों का रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि नई योजना में मजदूरों को मांग के बाद 15 दिन में रोजगार उपलब्ध नहीं कराने पर उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। बेरोजगारी भत्ते का दर प्रथम 30 दिनों के लिए अधिसूचित मजदूरी दर का एक चौथाई और शेष वित्तीय वर्ष के लिए अधिसूचित मजदूरी दर के आधा की दर से देय होगा।

# युवा प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाने लालगंज पहुंचेंगे डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली / पटना।** निर्मल इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान 2026' (लालगंज एपिसोड) का आयोजन 4 जुलाई 2026 (शनिवार) को प्रातः 9:00 बजे से कैलाश वाटिका मैरिज हॉल, लालगंज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस गरिमामयी समारोह में प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. प्रो. के. सी. सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होकर युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करेंगे। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों और उनके परिश्रम का सम्मान है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाते हैं तथा उन्हें शिक्षा, कौशल और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने निर्मल इंडिया न्यूज के संचालक रवि कुमार का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से प्रतिभाओं को सम्मानित करने की यह सराहनीय पहल व्यापक स्तर पर सफल हो रही है। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. झा ने मुख्य अतिथि डॉ. प्रो. के. सी. सिन्हा का भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि उनकी गरिमामयी उपस्थिति विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। आयोजकों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# राज्य में पांच नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने का रास्ता साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रत्येक विद्यालय के लिए पांच-पांच एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इन नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना पूर्णिया, राजगीर (नालंदा), शेखपुरा, मधेपुरा और मधुबनी में की जाएगी। भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालय की स्थापना की दिशा में आगे की कार्रवाई होगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि ये विद्यालय पूर्वी पूर्णिया के मधुबनी, राजगीर के पिलखुआ, शेखपुरा के नीमी, मधेपुरा के साहूगढ़ तथा मधुबनी जिले के राजनगर प्रखंड स्थित सतिहारपुर में खोले जाएंगे।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने डॉक्टर्स डे एवं नेशनल सीए डे पर किया सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने डॉक्टर्स डे एवं नेशनल सीए डे के अवसर पर स्थानीय होटल प्रेसिडेंट में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रति डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की समर्पित सेवाओं, उत्कृष्ट योगदान और पेशेवर प्रतिबद्धता का सम्मान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजी नम्रता द्वारा समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 7 डॉक्टरों एवं 7 सीए का सम्मान किया गया। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के अध्यक्ष रोटेरियन राजेश अग्रवाल ने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के दो ऐसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉक्टर जहां मानव जीवन की रक्षा करते हैं, वहीं सीए देश की आर्थिक व्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता को मजबूत बनाने में योगदान देते हैं। वहीं क्लब के सचिव रोटेरियन विशाल बिजपुरिया ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज के उन पेशेवरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है जिन्होंने अपनी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भाव से लोगों का विश्वास जीता है।

# नालंदा में दलित युवकों की हत्या के विरोध में निकली आक्रोश यात्रा, निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** कारकाट गोडारी में नालंदा में कथित रूप से दलित युवक पिंटू पासवान एवं श्रवण पासवान की हत्या के विरोध में न्याय की मांग को लेकर कुन्दन पासवान के नेतृत्व में एक आक्रोशपूर्ण यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाज के लोगों ने भाग लेकर पीड़ित परिवार के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोडारी से मनोज साव के मील तक निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को बुलंद करना था। यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि जब समाज अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाता है, तभी न्याय की उम्मीद मजबूत होती है। इस दौरान तूफान राज पासवान ने भी न्याय की इस लड़ाई में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और कहा कि पीड़ित परिवार को हर स्तर पर न्याय मिलना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित जांच कराने तथा दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। आक्रोश यात्रा में कारकाट प्रमुख अभिभावक रामनारायण पासवान, मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती, राहुल पासवान, गोल्डेन पासवान, विनय पासवान, चंदन पासवान, संजय कुमार पुस्तक, संतोष गुप्ता, मनीष पासवान, सिकंदर पासवान, राजा, बिल्ला, विकास, मनजीत, तनु, चंदन, अमरजीत, राहुल, संतोष, दिवाकर, सरोज, पिंटू, बजरंगी, संजीत, रितेश, बिट्टू, बिक्की, प्रकाश, शाहिल, रमेश पासवान, नवल किशोर सहित सैकड़ों युवाओं एवं समाज के जागरूक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यात्रा के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक उनकी आवाज बुलंद होती रहेगी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा, देवर की मौत, भाभी घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र में संजीवनी पब्लिक स्कूल के पास एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना बुधवार सुबह हुई जब एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान अनिल सिंह के रूप में हुई है। उनके साथ मोटरसाइकिल पर सवार रिंकू देवी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। ग्राम पंचायत कोटा के मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अनिल सिंह और रिंकू देवी एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के साथ बकाया पैसे जमा करने के लिए शाखा जा रहे थे। तुरंत अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ले जाया गया। मनोज कुमार सिंह के अनुसार, गांव में स्वयं सहायता समूह का फाइनेंस चलता है।

# मुहर्रम में शांति-व्यवस्था बनाए रखने पर डिहरी थाना अध्यक्ष राहुल कुमार सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ, डिहरी-डालमियानगर एवं कामगार मिल्लत कमेटी की ओर से डिहरी नगर थाना के पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार को मुहर्रम पर्व के दौरान उत्कृष्ट शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतीक चिन्ह (स्मृति चिन्ह) भेंट कर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद ने कहा कि इस वर्ष मुहर्रम का चांद दिखाई देने के बाद से ही डिहरी पुलिस प्रशासन ने सांप्रदायिक सौहार्द, आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ दिन-रात मेहनत की। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सतर्कता के कारण पूरे शहर में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिया एवं जुलूस विभिन्न वार्डों और मोहल्लों से शांतिपूर्वक एवं उत्साह के साथ निकले। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया, वहीं कई हिंदू-मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में सहयोग देकर भाईचारे की मिसाल पेश की। शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ ने डिहरी पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और बेहतर व्यवस्था के कारण शहर में शांति एवं सौहार्द का वातावरण कायम रहा। संघ की ओर से पुलिस प्रशासन को तहेदिल से मुबारकबाद और धन्यवाद दिया गया। सम्मान समारोह में संघ के अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद, सचिव भोला राइन तूफानी, वार्ड पार्षद सोनू चौधरी, वार्ड पार्षद आनंद चौधरी, पीर मोहम्मद, छोटू राइन, गुड्डू राइन, दिलशाद राइन, इरफान राइन, राजू राइन, राजन कुमार गुप्ता, समीद राइन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चार दिनों के अंधेरे के बाद रतू बिगहा में लौटी रोशनी, अनुज कुशवाहा की रंग लाई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** वार्ड संख्या-8 स्थित रतू बिगहा की दलित बस्ती में पिछले चार दिनों से छाया अंधेरा मंगलवार को समाप्त हो गया। बिजली का तार टूट जाने और ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आने से दर्जनों परिवार बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। भीषण गर्मी के बीच लोग काफी परेशान थे, वहीं छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों की मुश्किलें और बढ़ गई थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई स्तरों पर शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। इसी बीच समाजसेवी एवं जनसेवक अनुज कुशवाहा को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही वे अपनी टीम के साथ रतू बिगहा पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण घरों में अंधेरा पसरा हुआ था तथा पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो गई थी। लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए दिनभर पेड़ों की छांव का सहारा लेना पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अनुज कुशवाहा ने बिजली विभाग के अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। अनुज कुशवाहा की पहल पर बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त तार को बदलवाया और ट्रांसफॉर्मर की तकनीकी खराबी को दूर कराया। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बिजली लौटते ही बस्ती में खुशी का माहौल बन गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

## डाक्टर्स डे पर नशीली दवाओं के सेवन से बचने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नशीली दवाओं के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस एवं डाक्टर्स डे के अवसर पर नशीली दवाओं के सेवन से बचने के लिए आज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर के किया गया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फ्रीज प्ले, पैनल डिस्कशन एवं प्रश्नोत्तरी सत्र में हमारी बात के माध्यम से वहां उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों के बीच नशीली दवाओं की भयावहता पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद के मार्ग दर्शन इसकी हर संभव सुरक्षा के प्रति आगाह किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण करने और इसके अवैध तस्करी के विरुद्ध कमर कसने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल आयोजन से अपनी जवाबदेही खत्म नहीं होती। इसको लेकर विश्वविद्यालय परिसर के आसपास नशामुक्त वातावरण बनाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ जगदीश सिंह, एन एम सी एच के प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ बिनोद शंकर सिंह, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ कुमार आलोक प्रताप, डॉक्टर मनीष कुमार, डॉक्टर राकेश कुमार आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

# स्वस्थ जागरूक और संवेदनशील भारत निर्माण का लें संकल्प : डॉ. उदय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर इंडियन साइकिएट्रिक सोसाइटी के इस्ट जोन के अध्यक्ष, आईएमए डिहरी-डलमियानगर के अध्यक्ष तथा संवेदना न्यूरोसाइकिएट्रिक रिसर्च केंद्र के निदेशक डॉ. उदय कुमार सिन्हा ने देशभर के चिकित्सकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और करुणा का सर्वोच्च स्वरूप है। डॉ. उदय कुमार सिन्हा ने अपने संदेश में कहा कि चिकित्सक अपने ज्ञान, संवेदनशीलता और अथक परिश्रम से अनगिनत लोगों के जीवन में आशा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस उन सभी डॉक्टरों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है जो हर परिस्थिति में मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने समाज के सभी नागरिकों से चिकित्सकों का सम्मान करने, स्वास्थ्य संबंधी सलाह का पालन करने तथा अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में सहयोगात्मक एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की अपील की।



उनका कहना था कि डॉक्टर और समाज के बीच आपसी विश्वास ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे मजबूत नींव है। डॉ. सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सभी लोगों को एक स्वस्थ, जागरूक और संवेदनशील भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर देश के सभी चिकित्सक साथियों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, सेवा और मानवता के प्रति योगदान को नमन किया।

## बिक्रमगंज बार एसोसिएशन में अधिवक्ता राजेश कुमार चौबे को दो मिनट मौन रख दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल स्थित बार एसोसिएशन के परिसर में सदस्य अधिवक्ता राजेश कुमार चौबे के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता गण और कर्मियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा का आयोजन बार एसोसिएशन के महासचिव रवि रंजन और अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज के नेतृत्व में हुआ जहां उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। सभा के दौरान वक्ताओं ने राजेश कुमार चौबे के व्यक्तित्व और कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे एक नेक दिल, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ इंसान थे जिन्होंने हमेशा न्याय और सच्चाई का साथ दिया। अधिवक्ताओं ने उनके द्वारा विधि क्षेत्र में दिए गए योगदान, समय की पाबंदी और जूनियर वकीलों को दिए गए मार्गदर्शन की चर्चा की और कहा कि उनका अभाव बार एसोसिएशन के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी ने एक स्वर में कहा कि राजेश चौबे को उनके सरल स्वभाव और व्यवहार के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी महेश सिंह के साथ मनीष कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, रघुराज चौबे, हरिराम पांडे सहित सैकड़ों अधिवक्ता और कर्मी मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। शोक सभा में यह भी संकल्प लिया गया कि उनके आदर्शों और सिद्धांतों को आगे भी अपनाया जाएगा ताकि उनकी स्मृति को जीवित रखा जा सके।

## फेसबुक पर कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध हथियार प्रदर्शित करने वाले अपराधियों के खिलाफ किए गए दावे खोखले साबित हो रहे हैं। मोहनियां पुलिस ने फेसबुक पर देशी कट्टा लहराने के आरोप में विवेक यादव (पिता- नंदू यादव, निवासी- भोखरी) को गिरफ्तार किया था, लेकिन बिना हथियार बरामद किए ही उसे थाने से रिहा कर दिया। पुलिस द्वारा आरोपी को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41 का लाभ देकर छोड़ा जाना अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवेक यादव ने हथियार के साथ एक रील पोस्ट की थी। इसके बाद 28 जून को मोहनिया थाना में कांड संख्या 469/26 के तहत आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# टड़वा स्कूल में 100 पौधे रोप दिया जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान से निपटने के लिए रोहतास के डिहरी प्रखंड अंतर्गत आयरकोठा थाना क्षेत्र के टड़वा गांव स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के परिसर में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण महाअभियान चलाया गया। आयरकोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार के सौजन्य से पीपल, बरगद और अशोक प्रजाति के लगभग 100 पौधे रोपित किए गए। इस अभियान में आयरकोठा थाना की पुलिस टीम, नेचर विलेज टड़वा के सदस्य, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने मिलकर भागीदारी निभाई। सभी ने हाथों में पौधे लेकर 'हम सबकी यही जिम्मेदारी, हरियाली हो धरती हमारी' बैनर के साथ पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। नेचर विलेज टड़वा के सदस्य डॉ विवेक कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया भीषण गर्मी और जलवायु परिवर्तन की चपेट में है। यूरोपीय देशों से लेकर भारत के गांवों तक तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वृक्षारोपण ही सबसे व्यावहारिक समाधान है। उन्होंने कहा कि थाना अध्यक्ष के सहयोग से आज सैकड़ों छोटे-छोटे पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली बचाने का सार्थक कदम उठाया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि लगाए गए सभी पौधों को बच्चे गोद लेंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर बच्चा अपने पौधे की नियमित देखभाल करेगा जिससे उनमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। मौके पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रभारी कुंज बिहारी, माध्यमिक विद्यालय प्रभारी मुक्ति नारायण, नेचर विलेज सदस्य डॉ विवेक सिंह, उदय कांत चौधरी, दिलकिशोर अम्बुज, धीरज यादव, अनिकेत कुमार, बजरंगी एवं अन्य छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान नीतीश कुमार, पिता राम बहादुर सिंह, निवासी चितमन बिगहा, थाना-अकोढ़ीगोला, जिला-रोहतास के रूप में हुई। थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के आलोक में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 29.06.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_11_ओटी, दिनांक : 29.06.2026, कार्य का नामः** गनकर-विश्वसनीयता में सुधार के लिए गनकर (जीएएलई) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,82,67,549.17, **बयाना राशिः** रु. 5,65,400/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_12_ओटी, दिनांक : 29.06.2026, कार्य का नामः** जंगीपुर रोड-विश्वसनीयता में सुधार के लिए जंगीपुर रोड (जेआरएलई) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,25,98,831.57, **बयाना राशिः** रु. 4,52,000/-, **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_13_ओटी, दिनांक : 29.06.2026, कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में सभी महत्वपूर्ण सिग्नलिंग गियरों के वास्तविक समय की वस्तुस्थिति के प्रदर्शन के लिए डैश बोर्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,11,97,361/-, **बयाना राशिः** रु. 2,24,000/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 07.07.2026 से 21.07.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** और सूचना पटः वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-117/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**अदालती सूचना**

न्यायालय में,
अवर न्यायाधीश द्वितीय
औरंगाबाद (बिहार)
हकियत वाद संख्या-~~121/2018~~
67/22
उपेन्द्र कुमार सिन्हा..................वादी
बनाम
श्रीमति ममता देवी वगैरह.... प्रतिवादीगण

**सूचना**

आप प्रतिवादीगण क्रमशः ममता देवी पति मनोज कुमार, गाम-नरकपी, पोस्ट-गरडीह, थाना-सलैया, जिला-औरंगाबाद, बिहार, अंकित कुमार, पिता-स्व. अनिल कुमार, माया कुंअर पति-स्व. अनिल कुमार, सिल्पी सिन्हा, सोमी सिन्हा दोनों पिता-स्व. अनिल कुमार, सुधीर कुमार, पिता-स्व. दिलकेश्वर लाल, अलख निरंजन, योगेन्द्र प्र. सिन्हा दोनों पिता स्व. जगदीप लाल सभी ग्राम-मदनपुर, थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद, बिहार, अरविन्द कुमार सिन्हा, सन्जय कुमार सिन्हा, रितेश कुमार तीनों पिता-स्व. हरिनन्दन प्रसाद सिन्हा, मो. राजेश्वरी कुंअर पति-स्व. विजय कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार, अरविन्द कुमार दोनों पिता स्व. विजय कुमार सिन्हा सभी ग्राम-मदनपुर, पोस्ट+थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद, बिहार को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आप सबों के विरूद्ध उपरोक्त वाद दायर किये हैं जिसमें आप सबों को उपस्थिति हेतू न्यायालय से सम्मन एवं डाक द्वारा सूचना भेजी जा चुकी है परन्तु आप सभी वाद में उपस्थित नहीं हुये हैं आपसबों को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस वाद की अगली सुनवाई की तिथि 22/7/2026 निर्धारित की गई है उक्त तिथि को आप सभी स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद के निष्पादन में सहयोग करें अन्यथा आपसबों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायगी।
इसे ताकिद जानें।
आज दिनांक- 23/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निर्गत।

**अवर न्यायाधीश द्वितीय**
**औरंगाबाद (बिहार)**


## मरहूम अब्दुल कय्यूम अंसारी के मजार पर चादरपोशी, अमन-चैन की मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मरहूम अब्दुल कय्यूम अंसारी के यौमे पैदाइश के अवसर पर बस्तीपुर (निरंजन बिगहा), डिहरी स्थित उनकी मजार पर श्रद्धा एवं अकीदत के साथ चादरपोशी की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सर्फुद्दीन अंसारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले मजार पर पहुंचे और चादरपोशी कर मरहूम अब्दुल कय्यूम अंसारी को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक योगदान और जनसेवा को याद करते हुए उनकी मगफिरत की दुआ की तथा क्षेत्र में अमन, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में समाजसेवी नेता जावेद अनवर, ईसा अंसारी, जलील अंसारी, मतबर अंसारी, महताब अंसारी, शेर मोहम्मद, पांडु अंसारी, कुर्बान अंसारी, फरियाद अंसारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं उनके चाहने वाले मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि मरहूम अब्दुल कय्यूम अंसारी का जीवन समाज सेवा, आपसी भाईचारे और इंसानियत के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके बताए आदर्श आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, अनुमंडल कार्यालय के सामने जुटेंगे कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने आवेदन देकर बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी है। प्रखंड अध्यक्ष अजय चौबे ने अनुमंडलाधिकारी, बिक्रमगंज को पत्र लिखकर सूचित किया कि दिनारा प्रखंड कुटुंबा ग्राम के सामने जनहित के मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा। पत्र के अनुसार प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य शहीद भारत भूषण तिवारी के नाम पर एक द्वार निर्माण और स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग है। कांग्रेस कमेटी का कहना है कि केन्द्र और बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, पेंशन योजना और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से जनता परेशान है। इसी के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया जाएगा। अजय चौबे ने पत्र में स्पष्ट किया कि प्रदर्शन पूरी तरह अहिंसक और लोकतांत्रिक होगा। उन्होंने प्रशासन से धरना प्रदर्शन की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है ताकि पार्टी कार्यकर्ता अपनी मांगों को शांतिपूर्वक रख सकें। दिनारा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर और आम आदमी त्रस्त हैं, इसलिए विरोध जरूरी है।

## समाजसेवी चन्द्रदेव चौधरी को दी गयी श्रद्धांजलि, ब्रह्मभोज में उमड़ी लोगों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** समाजसेवी एवं दवा के अच्छे जानकार रहे स्वर्गीय चन्द्रदेव चौधरी की स्मृति में शिवगंज स्थित उनके आवास पर ब्रह्मभोज के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने पहुंचकर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में वीआईपी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजू चौधरी, लोजपा नेता अमित पासवान, अवधेश प्रसाद, डॉ. पंकज कुमार, वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार, दिनेश सिंह, डॉ. शौकत इरफान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्व. चन्द्रदेव चौधरी के सामाजिक योगदान, सरल स्वभाव और सेवा भावना को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि स्व. चन्द्रदेव चौधरी दवाओं की अच्छी जानकारी रखने के साथ-साथ समाज सेवा के प्रति भी समर्पित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत 600 पौधों का वृक्षारोपण, 603 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में प्रकृति संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना तथा हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण का संदेश प्रसारित करना था। इसी क्रम में 1 जुलाई 2026 को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक मेगा वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उदय सिंह मीना, मंडल रेल प्रबंधक, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल, चित्रा सिंह, अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, संगठन की सदस्याएं, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अभियान के अंतर्गत 600 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधा लगाकर उसके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में पौधों की नियमित देखभाल, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति आजीवन उत्तरदायित्व एवं सहभागिता की भावना विकसित करना भी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिक समय स्क्रीन पर बिताने से बचें और प्रकृति से जुड़ें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प लें। प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी की यही भावना 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण का आधार बनेगी। इससे पूर्व पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज, पं. दीन दयाल उपाध्याय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 603 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति एवं मातृत्व के भावनात्मक संबंध को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संगठन की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। संगठन भविष्य में भी इसी प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को हरित, स्वच्छ एवं सतत भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित करता रहेगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/767, दिनांक 30.06.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तेल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबरः ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3648, काम का नामः** "आजिमगंज यार्ड में यार्ड और पिट लाइन की आलोक व्यवस्था" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्यः** रु. 45,93,714/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 91,900/-, **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबरः ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3636, काम का नाम :** हावड़ा मंडल के तहत स्टेशनों पर आलोकित स्टेशन नेम बोर्ड, एयर सर्कुलेटर फैन और वाटर कूलर आदि की व्यवस्था। **टेंडर का मूल्य :** रु. 3,31,72,646/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 6,63,500/- **क्रम संख्या 3, टेंडर नंबरः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3622-आर, काम का नामः** टिकियापाड़ा कोचिंग यार्ड और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में पिट लाइट और यार्ड लाइटिंग की व्यवस्था के उन्नयन के साथ संबंधित वायरिंग और केबलिंग का काम। **टेंडर का मूल्यः** रु. 1,74,91,138/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 3,49,800/-, **क्रम संख्या 4, टेंडर नंबरः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3563-आर1, काम का नामः** "एईएन/स्पेशल/हावड़ा के तहत हावड़ा रेलवे परिसर में भू-दृश्य के विकास, बागवानी कार्यों और अन्य सहायक कार्यों" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 61,94,848/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 1,23,900/-, **पूरा होने की अवधिः** 180 दिन (क्रम सं. 1, 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 22.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1, 2, 3 एवं 4 हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-181/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अपर समाहर्ता व मद्यनिषेध अधीक्षक के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला अतिथि गृह में अपर समाहर्ता, नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी के स्थानांतरण तथा मद्यनिषेध अधीक्षक, अरुण कुमार मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने डॉ. अनिल कुमार तिवारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्वों का अत्यंत कुशलता, दक्षता एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया। विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापना के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जिला पदाधिकारी ने मद्यनिषेध अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। विभागीय कार्यों के सफल संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सेवानिवृत्ति उपरांत उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। अपने संबोधन में डॉ. अनिल कुमार तिवारी एवं अरुण कुमार मिश्रा ने जिला पदाधिकारी, सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवादा में कार्य करने का अनुभव अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायी रहा। यहाँ सभी का जो सहयोग, स्नेह एवं आत्मीयता प्राप्त हुई, वह सदैव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, स्थापना शाखा प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अवैध बालू खनन के दौरान मिट्टी धंसने से 16 वर्षीय किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक।** गिरियक थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव के पास पंचाने नदी में अवैध बालू खनन के दौरान बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। बालू और मिट्टी का बड़ा हिस्सा अचानक धंस जाने से 16 वर्षीय किशोर रौशन चौधरी की मलबे में दबकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक समेत वहां मौजूद अन्य लोग फरार हो गए। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के दरियासराय मुसहरी गांव निवासी मनोज चौधरी के पुत्र रौशन चौधरी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी से ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लोड किया जा रहा था, तभी मिट्टी का बड़ा धसान गिर गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किशोर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर अवैध बालू खनन पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि लंबे समय से ट्रैक्टरों के जरिए खुलेआम बालू की ढुलाई हो रही है, जिससे सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं।सूचना मिलते ही गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध बालू खनन से जुड़ा मिला है। ट्रैक्टर और उसके मालिक की पहचान की जा रही है। परिजन फिलहाल पोस्टमार्टम कराने के पक्ष में नहीं हैं। पुलिस उन्हें समझाने के साथ मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

# ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर राष्ट्रपति को लिखा पत्र, 80 दिनों से नंगे पैर चल रहे हैं अरविंद मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष एवं नंगे पैर आंदोलनकारी अरविंद मिश्रा ने रेलवे विभाग की उदासीनता से व्यथित होकर भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेजकर ओडो रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अरविंद मिश्रा ने बताया कि दानापुर मंडल के राजगीर–तिलैया रेलखंड पर स्थित ओडो रेलवे स्टेशन पर एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है। जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन दो एक्सप्रेस ट्रेनों का आवागमन होता है। इसके कारण नारदीगंज प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए तिलैया या राजगीर जाना पड़ता है, जिससे यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक वे जूता-चप्पल नहीं पहनेंगे। इस संबंध में उन्होंने रेलवे प्रशासन, दानापुर मंडल के डीआरएम, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को कई बार पत्र भेजकर मांग उठाई, लेकिन 80 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा कि उनका नंगे पैर चलना किसी विभाग को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि जनहित की समस्याओं के समाधान हेतु गांधीवादी और शांतिपूर्ण तपस्या है। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि वे संविधान के संरक्षक और देश के प्रथम नागरिक होने के नाते रेल मंत्रालय को ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, ओवरब्रिज, अंडरपास, शौचालय, पेयजल एवं यात्री शेड जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दें।अरविंद मिश्रा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी 80 दिनों की तपस्या और क्षेत्र की जनता की पीड़ा पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक उनका शांतिपूर्ण नंगे पैर आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# राजगीर दोहरे हत्याकांड ने बिहार के कानून-व्यवस्था की खोल दी पोल : दीपांकर

**भाकपा माले ने राज्य सरकार पर किया तीखा प्रहार, पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख मुआवजा और नौकरी देने की मांग**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर के चर्चित दोहरे हत्याकांड को लेकर भाकपा माले ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। गंजपर स्थित मृतक श्रवण पासवान और पिंटू पासवान के परिजनों से मिलने पहुंचे भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि इस घटना ने बिहार की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। उनके साथ राज्य सचिव कुणाल, विधायक संदीप सौरव, पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा समेत कई नेता मौजूद रहे।दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर में पर्यटक और आम नागरिक तक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने हाल के विभिन्न आपराधिक मामलों का उल्लेख करते हुए सरकार पर अपराध नियंत्रण में विफल रहने का आरोप लगाया। विधायक संदीप सौरव ने कहा कि पुलिस चौकी के पास हुई घटना के बावजूद अपराधियों का बच निकलना गंभीर सवाल खड़े करता है।भाकपा माले ने दोहरे हत्याकांड की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराने, मृतक परिवारों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा, एक-एक आश्रित को सरकारी नौकरी, राजगीर में पर्यटक सुरक्षा के लिए स्पेशल टास्क फोर्स के गठन, लंबित हत्याकांडों का तीन माह में स्पीडी ट्रायल तथा राजगीर थानाध्यक्ष को तत्काल निलंबित करने की मांग की।ठेला-फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष किशोर साव ने कहा कि बढ़ते अपराध से राजगीर में पर्यटन प्रभावित हुआ है, जिससे स्थानीय कारोबारियों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। माले नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है, जिससे लोगों में भय का माहौल है।

# पौधारोपण कर मनाया एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट, नवादा टीम द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जगदंबा प्रसाद सिंह के जन्मदिन के शुभ अवसर पर बुधवार सुबह सूर्य मंदिर, मिर्जापुर (नवादा) परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा डॉ. जगदंबा प्रसाद सिंह के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल एडवाइजर राधेश्याम चौधरी ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।




साथ ही उपस्थित सभी सदस्यों ने भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प दोहराते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की बात कही। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर सुनीलचंद्र, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष कुमार मोदी, नवीन कुमार, मनोज कुमार, राजकुमार प्रसाद, सुबोध कुमार, भोला लाल बरनवाल, शंभू देव लाल बरनवाल तथा विवेक चंद्र धीर सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में डॉ. जगदंबा प्रसाद सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने छह घंटे के अंदर तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबिगहा खंधा में एक महिला के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज छह घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 30 जून की रात करीब 8 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि नगरनौसा थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ लक्ष्मीबिगहा खंधा में कुछ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम एवं चंडी थाना की संध्या गश्ती पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पीड़िता एवं सूचक से पूछताछ कर महिला का बयान दर्ज किया गया। पीड़िता के बयान के आधार पर चंडी थाना में कांड संख्या 426/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, नालंदा के निर्देश पर विशेष जांच दल का गठन किया गया। एसआईटी एवं चंडी थाना पुलिस ने त्वरित अनुसंधान करते हुए घटना के छह घंटे के भीतर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लक्ष्मीबिगहा निवासी विकाश गोप , नितिश कुमार एवं शैलेश कुमार के रूप में हुई है।

# 501 कलश के साथ निकली शोभायात्रा, 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन आज से

**रैतर गांव में धार्मिक उल्लास, हवन-पूजन व महाभंडारे के साथ होगा आयोजन का समापन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक।** प्रखंड के रैतर गांव में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन के आयोजन को लेकर बुधवार को 501 कलशों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों एवं युवक-युवतियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु गिरियक स्थित विष्णुधाम नदी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरकर बजरंगबली मंदिर पहुंचे और विधिवत कलश स्थापना की गई।पूजा-अर्चना एवं वैदिक अनुष्ठान पुजारी धनंजय पाठक, कमलेश पांडे, अजय कुमार तथा ममता देवी के निर्देशन में संपन्न कराया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि 2 जुलाई की सुबह 9 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ होगा।



पूरे आयोजन के दौरान श्हरे राम, हरे कृष्णश् के जयघोष से गांव का वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। 3 जुलाई को सुबह 10 बजे कीर्तन का समापन होगा, जिसके बाद हवन-पूजन एवं महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समाजसेवी मुनेश्वर प्रसाद, राजेश कुशवाहा, मनोज साव एवं अजित साव ने फल-जलपान की व्यवस्था की। वहीं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रामानंद सागर तथा घोड़े और बाजे की व्यवस्था सागर कुमार ने कराई। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों और गणमान्य लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

# तीन माह से पेंशन राशि नहीं मिलने से वृद्ध, विधवा और दिव्यांग हो रहे परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि नहीं मिलने के कारण सैकड़ों वृद्ध,विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, निःशक्तता पेंशन तथा विधवा पेंशन योजनाओं के लाभुक लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं,लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन एवं निःशक्त (दिव्यांग) पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि पिछले तीन माह से लाभार्थियों के खाते में नहीं पहुंची है। इससे उन लोगों की परेशानी और बढ़ गई है,जिनका जीवनयापन पूरी तरह इसी मासिक पेंशन राशि पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे वृद्ध लाभार्थी हैं,जिन्हें पेंशन नहीं मिलने के कारण दवा,भोजन और अन्य आवश्यक घरेलू खर्चों के लिए गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बेसहारा विधवाएं और दिव्यांगजन भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वहीं पेंशन भुगतान में हो रही इस अप्रत्याशित देरी से लाभार्थियों में प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर राजद नेता,वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी देवनन्दन प्रसाद यादव ने प्रशासन से जल्द से जल्द लंबित पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से आर्थिक तंगी और विभागीय उदासीनता से जूझ रहे पेंशनधारियों को शीघ्र राहत मिलनी चाहिए। परेशान पेंशनधारियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित समाज कल्याण विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि नियमित रूप से समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि दाने-दाने को मोहताज हो रहे वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों को आर्थिक राहत मिल सके।

# चोरी और शराब कांड के दो वांछित गिरफ्तार, जेल

**रजौली (नवादा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली थाना पुलिस ने लंबित कांडों में फरार चल रहे बाइक चोरी और शराब कांड के दो वांछित गिरफ्तार दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय नवादा में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि चोरी के बाइक के सहयोग से शराब की तस्करी मामले में थाना कांड संख्या 256/26 के अप्राथमिक अभियुक्त शोहदा गांव निवासी केदार पासवान के पुत्र शंकर कुमार उर्फ शंकर पासवान को एएसआई सत्यदेव प्रसाद ने पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर कुंभियातरी जंगल के पिछली नदी के किनारे चल रहे दर्जनों शराब भट्ठियों के मामले में पुलिस ने वर्ष 2021 में थाना कांड संख्या 288/21 में 10 शराब धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त दुलरपुरा गांव निवासी माहेश्वरी प्रसाद के पुत्र गुड्डू कुमार उर्फ आयुष राज को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर फरार व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शराब, चोरी व अन्य कांडों में फरार आरोपियों को लगातार ट्रेस कर दबोचा जा रहा है। न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा नवादा भेज दिया गया है।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ नवादा का पौधारोपण अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ नवादा की ओर से जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल, पटवा सराय परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रोटरी क्लब के अध्यक्ष नीरज लोहानी एवं सचिव प्रहलाद प्रसाद की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में रोटेरियन आर. पी. साहू, अविनाश गुप्ता, डॉ



मनोज कुमार,डॉ पिंकी बरनवाल, मनोज कुमार डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, नवीन कुमार, नित्यानंद प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पीयूष कुमार, शंभू प्रसाद, पंकज कुमार सहित क्लब के कई सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। रोटरी इंटरनेशनल के निर्देशन में रोटरी क्लब ऑफ नवादा द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें पौधारोपण अभियान प्रमुख है। गौरतलब है कि रोटरी क्लब ऑफ नवादा प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करता है। इसके तहत सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाते हैं, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी करीब 48 वर्षीय रामलखन यादव उर्फ पुरैल यादव की सड़क दुर्घटना में हरियाणा के बहादुरगढ़ में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रामलखन यादव दिल्ली में रहकर ट्रक चालक के रूप में काम करते थे। बुधवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में वाहन चलाने के दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी समेत दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। छोटी पुत्री का विवाह करीब दो माह पूर्व ही संपन्न हुआ था,जिसके बाद वे दोबारा परिवार के भरण-पोषण के लिए दिल्ली कमाने गए थे।

### रोजगार मेला का आयोजन 4 जुलाई को

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 4 जुलाई 2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में ब्लिंक कॉमर्स प्रा. लि., गुरुग्राम द्वारा वेयरहाउस एसोसिएट के 50 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित है। वेतन 15,000 से 25,000 के साथ हॉस्टल एवं नाश्ते की सुविधा उपलब्ध होगी। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल बेंगलुरु एवं मुंबई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) की छायाप्रति, रंगीन फोटो तथा बायोडाटा के साथ चयन हेतु संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी. आई.), नवादा के प्रांगण स्थित कैंप स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेला पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी एन.सी.एस. पोर्टल पर निबंधित हैं, वही रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**कौआकोल।** प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत टीकोडीह गांव के पास बुधवार को ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के मननियातरी गांव निवासी अशोक यादव के 19 वर्षीय पुत्र रंजय कुमार तथा रामविलास यादव के 15 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### दो गुटों में हिंसक झड़प, दो गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के बैगनाबाद मोहल्ले में मंगलवार की देर रात सिगरेट पीने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोस्तों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते दो गुटों के संघर्ष में तब्दील हो गई, जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले। घटना से इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, विवाद बैगनाबाद निवासी राधे और मोहम्मद काशिफ के बीच शुरू हुआ। दोनों पक्षों ने अपने-अपने समर्थकों को बुला लिया, जिसके बाद मारपीट तेज हो गई। इस दौरान मोहम्मद ख्वाब इस्लाम के पुत्र मोहम्मद काशिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य कुछ लोगों के भी घायल होने की सूचना है, हालांकि वे पुलिस कार्रवाई के डर से सामने नहीं आए हैं। सूचना मिलते ही बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एहतियातन शहर के अन्य थानों की पुलिस भी बुलाई गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर उपद्रवियों को खदेड़ा और घायल काशिफ को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की गहन जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम उदिता सिंह ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**बिहारशरीफ।** समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में बुधवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह ने 37 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनता दरबार में भूमि विवाद, बिजली, नगर पंचायत, कृषि एवं राजस्व से जुड़े कई मामले सामने आए। एक आवेदक ने भाइयों द्वारा जमीन हड़पने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने मामले के निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को निर्देशित किया। वहीं, बिजली बिल का भुगतान करने के बावजूद एनओसी जारी नहीं किए जाने की शिकायत पर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत चंडी क्षेत्र में पेंटिंग का कार्य कराए जाने के बाद भुगतान नहीं मिलने की शिकायत पर भी जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा कृषि फीडर से बोरिंग तक बिजली के खंभों पर तार खींचकर आपूर्ति बहाल कराने, रैयती जमीन की अवैध कटाई, पानी के रिसाव और पुलिया के गलत स्थान पर निर्माण, गलत तरीके से जमाबंदी कायम करने तथा बिना साक्ष्य बिजली चोरी का आरोप लगाए जाने जैसी शिकायतों पर भी अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### युवक को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**हरनौत।** हरनौत थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-6 स्थित डिहरीगढ़ गांव के समीप बुधवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से 37 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान डिहरीगढ़ निवासी प्रेम महतो के पुत्र नितिश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि नितिश कुमार अपने घर के बाहर खड़े थे, तभी बख्तियारपुर की ओर से हरनौत बाजार जा रहे अनियंत्रित ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल कल्याणबीघा रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया गया है। चालक हरनौत बाजार के श्रीचंदपुर मोहल्ले का निवासी है। प्रारंभिक जांच में उसके नशे की हालत में वाहन चलाने की बात सामने आई है। पुलिस ने ई-रिक्शा जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।घटना की सूचना मिलते ही मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने पहुंचकर शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।

### पति की पिटाई से महिला गंभीर घायल

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र के मनसा बिगहा गांव में घरेलू विवाद के दौरान पति ने पत्नी की कथित रूप से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर हिलसा पुलिस ने घायल महिला को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान शशि प्रसाद की पत्नी ममता देवी के रूप में हुई है। ममता देवी ने आरोप लगाया कि पति और उसके परिवार के सदस्य अक्सर उसके साथ मारपीट करते हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बदले समय पर सरकारी स्कूल में पढ़ाई शुरू

**सुबह 9:30 से शाम 4 बजे तक होगी पढ़ाई**

**राजगीर।** शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार बुधवार से राज्य के सभी सरकारी विद्यालय नियमित समय-सारिणी के अनुसार संचालित होने लगे हैं। अब सरकारी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षाएं सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेंगी। गौरतलब है कि गर्मी की छुट्टी समाप्त होने के बाद 22 जून से विद्यालय खुलने पर भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन समय-सारिणी लागू की थी। इसके तहत विद्यालयों का संचालन सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जा रहा था। ग्रीष्मकालीन समय-सारिणी की अवधि 30 जून को समाप्त होने के बाद अब 1 जुलाई से सभी सरकारी विद्यालयों में नियमित समय के अनुसार पठन-पाठन शुरू हो गया है। विभाग के निर्देश के बाद विद्यालयों में सामान्य दिनचर्या के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# ट्रेनें बनीं अपराधियों का अड्डा, 22 से 24 जून के बीच 11 वारदात

## मोबाइल-पर्स की चोरी से लेकर छिनतई तक, डीडीयू और धनबाद मंडल में आरपीएफ-जी आर पीके लिए बढ़ी चुनौती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** ट्रेन में सफर अब सुखद नहीं, खौफ का सबब बनता जा रहा है। जून महीने में यात्रियों के साथ हुई आपराधिक घटनाओं की लंबी फेहरिस्त ने रेलवे सुरक्षा बल आर पी एफ और राजकीय रेल पुलिस जी आर पी दोनों की नींद उड़ा दी है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो अकेले 22 जून से 24 जून के बीच डीडीयू और धनबाद रेल मंडल में चोरी-छिनतई की 11 से ज्यादा वारदातें दर्ज हुई हैं। जांच जारी है, लेकिन सवाल सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं। 22 जूनः ट्रेन संख्या 22857 के कोच में बर्थ नंबर 74 पर सफर कर रहे यात्री का फोन और पर्स चोरी , 22 जूनः ट्रेन नंबर 12358 में सफर कर रहे यात्री के साथ छिनतई, 23 जूनः 12349 गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस के कोच बी-3, बर्थ 58 पर सफर कर रहे यात्री का मोबाइल गुम, 23 जूनः 22857 में सफर कर रही महिला यात्री के पर्स से महंगी कंपनी के दो मोबाइल सेट चोरी, 23 जूनः 12358 के यात्री का रियलमी कंपनी का मोबाइल चोरी, 23 जूनः एच-1 कोच से यात्री का लेडीज पर्स चोरी, 23 जूनः 22307 एच -1 अप के यात्री का मोबाइल चोरी, 23 जूनः 12875 के स्लीपर कोच में यात्री के साथ आपराधिक मामला, घटना धनबाद मंडल की, 23 जूनः 12349 के 3इ कोच में छिनतई का मामला, 22 जूनः ट्रेन नंबर 19389 के कोच बी-2 से बैग चोरी की शिकायत, 24 जूनः ट्रेन नंबर 09709 के कोच 2ए से यात्री का पर्स गायब, यात्रियों की बेफिक्री या सिस्टम की लापरवाही? जांच में सामने आया है कि ट्रेन में सफर के दौरान यात्री इतने बेफिक्र हो जाते हैं मानो वे अपने घर में हों। मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर सो जाना, पर्स सिरहाने रखकर नींद ले लेना, गेट के पास बैग छोड़ देना... यही लापरवाही अपराधियों के लिए मौका बन जाती है, लेकिन दूसरा पहलू ये भी है कि यात्री इस भरोसे के साथ ट्रेन में चढ़ते हैं कि आर पी एफ -जी आर पी चप्पे-चप्पे पर तैनात है। प्रीमियम ट्रेनों के एसी कोच तक में जब चोरी-छिनतई हो रही है तो सुरक्षा बलों की सक्रियता पर सवाल उठना लाजमी है। डी डी यू और धनबाद रेल मंडल में जून में दर्जनों शिकायतें आई हैं। हर एफ आई आर के बाद आर पी एफ और जी आर पी थानों के पदाधिकारियों की परेशानी बढ़ जाती है। केस सॉल्व करना चुनौती बन जाता है क्योंकि ट्रेन चलती-फिरती घटनास्थल है और अपराधी अगले स्टेशन पर उतरकर फरार हो जाते हैं। रेल मंत्रालय ने साफ किया है कि सफर के दौरान किसी भी परेशानी पर यात्री 139 पर कॉल कर या रेल मदद ऐप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ट्रेन में मौजूद आर पी एफ, जी आर पी जवान या टी टी ई को भी तुरंत सूचना दें।

# उसास गांव के आहर में मिले शव, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के उसास आहर से 27 जून को बरामद शव की पहचान मियांपुर, उपहारा (औरंगाबाद) निवासी 23 वर्षीय मिथलेश कुमार के रूप में होने की आशंका है। मृतक के पिता सत्येन्द्र यादव ने कोंच थाना में आवेदन देकर हत्या की आशंका जताई है। आवेदन के अनुसार मिथलेश 12 जनवरी 2026 की शाम घर से निकला था, फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की। 27 जून को उसास आहर से शव मिलने पर कपड़े और मोबाइल से शिनाख्त की आशंका जताई गई। पिता का आरोप है कि साजिश के तहत बुलाकर बेटे की हत्या कर शव आहर में फेंका गया। उन्होंने मृतक के दोस्त शुभम कुमार, प्रिंस कुमार, अशोक यादव, लवकुश कुमार तथा रोशन कुमार उर्फ रबड़वा पर संदेह जताया है। शुभम ने बताया कि घटना की रात वह मिथलेश के साथ था और देर रात बाइक से छोड़कर लौट गया था। परिजनों ने दावा किया कि कुछ माह पूर्व उसास के पास मिला मोबाइल मृतक का है, जो कई लोगों के पास पहुंचा। उन्होंने मोबाइल और संदिग्धों से पूछताछ कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो बाइक की टक्कर में नवादा के एएसआई समेत तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग -82 स्थित सिंगठिया मोड़ पर बुधवार को दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में नवादा टाउन थाना के एएसआई सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बेतिया निवासी एवं नवादा टाउन थाना में पदस्थापित एएसआई सत्येंद्र सिंह, नवादा के नवीनगर निवासी राकेश कुमार तथा वजीरगंज थाना क्षेत्र के कोल्हना निवासी अभिजीत कुमार शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सभी को एएनएमसीएच, गया रेफर कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष नीरज कुमार अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने परिजनों व नवादा टाउन थाना को घटना की जानकारी दी। घायल एएसआई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि वह गया व्यवहार न्यायालय में डायरी जमा करने जा रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिहार में केश कला बोर्ड के गठन की मांग को लेकर शिष्टमंडल ने विधान सभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को बिहार में केश कला बोर्ड के गठन की मांग को लेकर मुख्य संयोजक संदीप ठाकुर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने नाई (केशशिल्पकार) समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए राज्य सरकार से पृथक केश कला बोर्ड के गठन की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। ज्ञापन में कहा गया कि बिहार में बड़ी संख्या में केशशिल्पकार समाज निवास करता है जो वर्षों से पारंपरिक व्यवसाय से जुड़ा हुआ है, किन्तु उनके सर्वांगीण विकास हेतु कोई समर्पित बोर्ड नहीं है। हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में केश कला बोर्ड का गठन पहले से किया जा चुका है जिससे समाज के लोगों को प्रशिक्षण, स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

मुख्य संयोजक संदीप ठाकुर ने बताया कि गत 13 जून 2026 को पटना के रविंद्र भवन में आयोजित अखिल भारतीय नाई महासम्मेलन में भी समाज के हजारों प्रतिनिधियों ने केश कला बोर्ड के गठन की मांग को प्रमुखता से उठाया था। सम्मेलन में समाज के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए इस दिशा में ठोस पहल की आवश्यकता पर बल दिया गया था। ज्ञापन में कहा गया कि केश कला बोर्ड के गठन से युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण, सस्ते ऋण, अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही बीमा, पेंशन, स्वास्थ्य सहायता एवं दुर्घटना सहायता जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी समाज के लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। शिष्टमंडल ने यह भी उल्लेख किया कि समाज के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति एवं शैक्षिक सहायता की व्यवस्था, पारंपरिक व्यवसाय एवं कला का संरक्षण तथा सरकार और समाज के बीच समन्वय स्थापित करने में भी यह बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शिष्टमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक विचार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रस्तुत मांग एवं सुझावों को संबंधित स्तर पर विचारार्थ भेजा जाएगा, ताकि समाज के हितों की रक्षा एवं समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर शिष्टमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने बिहार में केश कला बोर्ड के गठन को सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण तथा समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने का आह्वान

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला स्तरीय विचार गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, गया (पूर्वी) जिला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं मंडल पदाधिकारियों की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को सरल ऐप से जोड़कर उनका पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने बताया कि ऐप पर उपलब्ध चार प्रशिक्षण वीडियो के माध्यम से कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक की वैचारिक एवं संगठनात्मक यात्रा की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षण वीडियो देखने के बाद कार्यकर्ताओं को भाजपा के इतिहास, विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की व्यापक जानकारी मिलेगी। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के बल पर सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को देश के विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सामाजिक न्याय का सम्मान किया है। साथ ही राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों के अधिकारों को और अधिक सशक्त बनाया गया है। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण तथा कोरोना काल में 80 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क राशन एवं किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया। विचार गोष्ठी में मुकेश मंडल, नीरज सिंह चंद्रवंशी, अशोक कुशवाहा, सोनू चंद्रवंशी, राजू सिंह चंद्रवंशी, मनीष कुमार सहनी, बबलू कुमार, सौरभ कुमार सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# कोंच प्रखंड में प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल, बीडीओ-सीओ और सीडीपीओ बदले

## ऋतु सोनी बनीं सीओ, चंदन कुमार बीडीओ और कुमारी संजू संभालेंगी सीडीपीओ का प्रभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। बुधवार को बीडीओ, सीओ और सीडीपीओ के तबादले की आधिकारिक जानकारी सामने आई। मधुबनी के लखनौर अंचल से स्थानांतरित होकर आईं ऋतु सोनी को कोंच का नया अंचल अधिकारी (सीओ) बनाया गया है। बांका सदर प्रखंड के बीडीओ रहे चंदन कुमार अब कोंच प्रखंड के नए बीडीओ होंगे। निवर्तमान बीडीओ बिपुल भारद्वाज का स्थानांतरण बरौनी कर दिया गया है। वहीं बाल विकास परियोजना कार्यालय में भी बदलाव हुआ है। सीडीपीओ कंचन माला के स्थान पर कुमारी संजू ने प्रभार संभाला है। औरंगाबाद की मूल निवासी कुमारी संजू इससे पहले नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड में तैनात थीं। स्थानीय लोगों का मानना है कि नए अधिकारियों के आने से विकास योजनाओं, राजस्व कार्यों और आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाओं के निष्पादन में तेजी आएगी।

# कारगिल शहीद राम पुकार शर्मा का शहादत दिवस मनाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए केसपा पंचायत के कुतलुपुर ग्राम निवासी अमर शहीद लांस नायक रामपुकार शर्मा का 27वां शहादत दिवस उनके पैतृक गांव में बुधवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी आदमकद प्रतिमा का गंगाजल से अभिषेक एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन के साथ हुआ। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'भारत माता की जय' और 'शहीद रामपुकार शर्मा अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। पूजा-अर्चना के उपरांत शहीद के बड़े भाई धनंजय शर्मा एवं सच्चिदानंद शर्मा ने नम आंखों से अपने छोटे भाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि लांस नायक रामपुकार शर्मा का बलिदान क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कारगिल विजय की गाथा को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होगी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने शहीद से जुड़े अधूरे वादों का मुद्दा भी उठाया। बताया गया कि शहादत के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने केसपा से कुतलुपुर तक सड़क निर्माण तथा मार्ग के प्रवेश द्वार पर शहीद द्वार बनाने का आश्वासन दिया था। हालांकि 26 वर्ष बाद केवल छोटे वाहनों के आवागमन योग्य सड़क का निर्माण हो सका है जबकि शहीद द्वार का वादा अब भी अधूरा है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि पटना स्थित कारगिल चौक पर बिहार के कारगिल शहीदों के नामों में लांस नायक रामपुकार शर्मा का नाम अब तक अंकित नहीं किया गया है। उन्होंने बिहार सरकार से इस त्रुटि को शीघ्र सुधारते हुए कारगिल चौक पर शहीद रामपुकार शर्मा का नाम सम्मानपूर्वक अंकित कराने की मांग की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, मिथलेश शर्मा, मनीष कुमार, सुबोध शर्मा, राहुल शर्मा, राम एकबाल शर्मा, श्रीधर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# चादर पोशी कार्यक्रम सम्पन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के रूकुनपुर गांव में इशा के नवाज के बाद यंग मुस्लिम कमिटी के तत्वावधान में हजरत शहीद विआवान शाह रहमतुल्लाह अलहे के मजार पर चादर पोशी किया गया। आयोजित इस जलसा में विभिन्न स्थानों से आये उलेमाओं ने तकरीर के माध्यम से समाज में अमन चैन का पैगाम दिया। गौरतलब है कि इस गांव में प्रत्येक इस्लामिक वर्ष के पहला महीना के 14 तारीख को दशकों से चादरपोशी कार्यक्रम करता आ रहा है। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग शिरकत करते हैं। इस संबंध में कमिटी के अध्यक्ष मो.सगीर खान ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रति वर्ष श्रद्धा से किया जाता है। कार्यक्रम के आयोजन में शकील खान, मो. इरशाद, मो. राजू, मो. शाहिद, मो. पीरु, नसीम, शब्बीर, समीर, जिशान मो. टी मंसूर आदि का प्रशंसणीय सहयोग रहा।

# डॉक्टर दिवस पर चिकित्सकों को किया सम्मानित, भाजपा नेताओं ने सेवा और समर्पण को किया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर एवं यश राज ने चिकित्सकों को अंगवस्त्र, कलम, डायरी और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ. चंद्र किरण, डॉ. जियाउद्दीन खान एवं डॉ. आशुतोष कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े उन चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना था, जो दिन-रात मरीजों की सेवा कर मानव जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि चिकित्सकों को धरती का भगवान कहा जाता है क्योंकि वे कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ मानव जीवन बचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर केवल अपना पेशा नहीं निभाते, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा करते हैं। रोगी के दर्द को कम कर उसे नया जीवन देना एक महान कार्य है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कठिन दौर में डॉक्टरों ने अपने परिवार और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं की परवाह किए बिना लाखों लोगों की जान बचाने के लिए निरंतर सेवा की। उनका त्याग, साहस और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

# सरकार की दूरदर्शी नीतियों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से बिहार का स्वास्थ्य तंत्र मजबूत : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिग अपोलो अस्पताल में बुधवार को डॉक्टर दिवस, अस्पताल का आठवां स्थापना दिवस तथा अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी सेवा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में हुयी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टर समाज के लिए धरती पर भगवान का स्वरूप हैं, जो लोगों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक सुविधा के लिए मरीजों को बिहार से बाहर जाना पड़ता था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों के कारण अब यह सुविधा बिहार में ही उपलब्ध हो रही है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं और उन्नत बनाने के दिन दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। बढ़ती आबादी वाले बिहार में केवल सरकारी व्यवस्था से सभी नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संभव नहीं है, इसलिए निजी क्षेत्र की सकारात्मक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यह संस्थान आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों और अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध करा रहा है। चिकित्सक और मरीज के बीच विश्वास सबसे बड़ी दवा होती है और यही विश्वास उपचार को सफल बनाता है। श्री पांडेय ने अस्पताल के चेयरमैन डॉ. विजय प्रकाश की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अस्पताल लगातार नई चिकित्सा सुविधाएं जोड़ रहा है जिससे बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोबोटिक सर्जरी सेवा के माध्यम से हजारों मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा और बिहार आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर अस्पताल के चेयरमैन डॉ. विजय प्रकाश ने कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों को डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएं दी तथा अस्पताल के आठ वर्षों की सफल यात्रा और रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक सेवा के शुभारंभ पर भी शुभकामनाएं व्यक्त की।

# कैमूर जिला परिषद अध्यक्ष रिंकी सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिला परिषद अध्यक्ष रिंकी सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया गया है। जिला परिषद सदस्यों ने उनकी कार्यशैली और कथित मनमानी के विरोध में यह कदम उठाया है। सदस्यों का आरोप है कि अध्यक्ष चुनिंदा क्षेत्रों में पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करवा रही हैं जिससे जिले का संतुलित विकास प्रभावित हो रहा है। जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने आरोप लगाया कि रिंकी सिंह ने कार्यालय को अपनी मनमर्जी से चलाया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-443, दिनांक 29.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** (I) ''गोड्डा में 50 बेड वाले रनिंग रूम का निर्माण'' के संबंध में विद्युत कार्य। (II) ''गोड्डा में नई क्रू लॉबी बिल्डिंग के निर्माण के लिए प्रस्ताव'' के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्यः** रु.1,22,47,016.18, **बयाना राशिः** रु. 2,45,000/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 07.07.2026 से 21.07.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पटः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-113/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में बिहार सरकार का बड़ा कदम

## स्वास्थ्य लाइसेंसिंग के लिए बनेगा एकीकृत हेल्थ लाइसेंसिंग डिजिटल पोर्टल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में इज ऑफ डुइंग बिजनेस को नई गति देते हुए चिकित्सकों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों के पंजीकरण तथा स्वास्थ्य संस्थानों के लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार ने बिहार चिकित्सा (संशोधन) अध्यादेश, 2026 तथा बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को दिनांक 26.06.2026 से लागू कर चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सरल बनाया है। अब राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अथवा किसी अन्य राज्य की राज्य चिकित्सा परिषद में विधिवत पंजीकृत चिकित्सक तथा भारतीय नर्सिंग परिषद अथवा अन्य राज्य की नर्सिंग परिषद में पंजीकृत नर्स बिहार में स्थानीय पंजीकरण अथवा पूर्ववर्ती राज्य से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (गए) प्राप्त किए बिना, केवल निर्धारित प्रारूप में स्व-प्रमाण पोर्टल पर अपलोड कर राज्य में विधिसम्मत रूप से कार्य कर सकेंगे। राज्य सरकार ने संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए भी बिहार राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद (संशोधन) नियमावली, 2026 अधिसूचित कर दी है। इसके तहत फिजियोथेरेपिस्ट, लैब टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट, ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट सहित अन्य संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर भी स्व-प्रमाणन के आधार पर कार्य कर सकेंगे। इसके लिए एकीकृत डिजिटल हेल्थ लाइसेंसिंग पोर्टल विकसित किया जाएगा जिसके माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों से संबंधित सभी प्रकार के लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के आवेदन, स्वीकृति तथा निर्गमन की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होगी। यह पोर्टल निवेशकों एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए सिंगल प्वाइंट ऑफ कॉन्टैक्ट के रूप में एनआइसी द्वारा विकसित कराया जाएगा।

# बच्चों को रोज स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किए जाएंगे अभिभावक : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 4 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति और विद्यालय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति जागरूक व प्रेरित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि संगोष्ठी में विशेष रूप से ड्रॉपआउट बच्चों के दोबारा नामांकन, विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण बनाने, सरकारी शैक्षिक योजनाओं की जानकारी देने तथा विद्यालयों में उपलब्ध मौलिक सुविधाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। विदित हो कि 22 से 27 जून के बीच आयोजित स्वागत सप्ताह (बैक टू स्कूल अभियान) के दौरान 27 जून को कई विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के कारण अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन नहीं हो पाया था। इसे देखते हुए प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी कर 4 जुलाई को पीटीएम बुलाने का निर्देश दिया है। विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी वर्गवार होगी ताकि ज्यादा से ज्यादा अभिभावक भाग ले सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इससे बच्चों के शैक्षणिक विकास में परिवार और विद्यालय की साझेदारी को और मजबूत बनाया जा सकेगा। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की गुणवत्ता तथा विद्यालय से जुड़ाव में सकारात्मक सुधार आएगा। इसी उद्देश्य से सभी विद्यालयों को संगोष्ठी की तैयारियों का निर्देश दिया गया है।

संपादकीय

## यूरोप में गर्मी से हाहाकार..!

इस बार समूचे यूरोप में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। अमूमन ठंडे समझे जाने वाले देश जर्मनी, स्पेन, ब्रिटेन समेत 16 देशों में भयंकर तापमान से सड़कें पिघलने लगीं हैं, जंगल सुलग उठे हैं, स्कूल कॉलेजों को बंद करना पड़ा है। सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा फ्रांस का है, जहां भीषण गर्मी के कारण अब 1 हजार लोगों की मौत होना बताया जा रहा है और इनमें ज्यादातर बुजुर्ग लोग हैं। ये मौतें महज तीन दिनों के भीतर हुई हैं। हालांकि सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। ज्यादातर मौतें घरों में ही हुई हैं। पिछले दिनों पेरिस में तापमान 44 डिग्री तक दर्ज किया गया। इतनी गर्मी तो भारत जैसे गर्म देशों में भी असहनीय मानी जाती है, ऐसे में अमूमन 15-20 डिग्री में जीने वाले यूरोपवासियों के लिए तो किसी सजा से कम नहीं है। ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि यूरोपवासी एसी या कूलरों की दुकानों पर टूटे पड़े हों। ब्रिटेन में जून में गर्मी का 50 साल पुराना रिकॉर्ड 3 बार टूटा। वहां सरकार तीन दिनों तक 'रेड वार्निंग' जारी करनी पड़ी है। दक्षिणी इंग्लैंड में तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस जून का नया रिकॉर्ड है। ब्रिटेन के इतिहास का सबसे अधिक तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस है, जो जुलाई 2022 में दर्ज किया गया था। यह रिकॉर्ड इस साल टूट सकता है। भयंकर गर्मी के कारण इन देशों में बिजली की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई है। साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और सांस की तकलीफ के मरीजों की संख्या अचानक बहुत बढ़ गई है। इसके कारण कई बड़े अस्पतालों को इमरजेंसी घोषित करना पडी है। गर्मी से लोहे की रेलवे पटरियां फैल रही हैं और उनके मुड़ने का खतरा बढ़ गया है। इसके कारण ट्रेनों की रफ्तार पर सख्त स्पीड लिमिट ( 60 मील प्रति घंटा ) लगा दी गई है। इतना ही नहीं पानी बचाने के लिए कई इलाके में पाइप के जरिए बगीचों और कारों पर पानी डालने ( होजपाइप ) पर रोक लगा दी गई है। यूरोप में भी स्पेन सबसे ज्यादा तप रहा है। वहां एंडुजार शहर में तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। पिछले 4 दिनों में गर्मी के कारण देश में 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। जर्मनी का हाल भी बुरा है। वहां कई कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं। यही स्थिति डेनमार्क की भी है। जबकि स्विट्जरलैंड में गर्मी से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। कुल मिलाकर यूरोप में राष्ट्रीय आपदा की स्थिति है। वहां घरों की बनावट भी अलग होती है। कोई क्रॉस वेंटीलेशन नहीं होता, जिससे लोगों की दम घुटने से मौतें हो रही हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यूरोप का तापमान दुनिया के औसत तापमान की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। भविष्य में ऐसी गर्मी की लहरें और अधिक बार आएंगी, ज्यादा समय तक रहेंगी। यह सब ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो रहा है। दुनिया इस खतरे को समझ रही है, लेकिन उसे मानना नहीं चाहती। नतीजा यह है कि यूरोप और पश्चिम एशिया अभी भी अपने क्षुद्र स्वार्थों के कारण युद्धों में उलझे हैं, इस का कारण भी धरती का तापमान बढ़ रहा है। पर्यावरण को नष्ट कर इंसान कितनी बड़ी गलती कर रहा है, यह उसकी शायद तब आएगी, जब हाथ में करने के लिए कुछ नहीं बचेगा। इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार पश्चिमी देश और अमेरिका हैं। जब यूरोप और अमेरिका में जलवायु परिवर्तन के कारण लोगों का जीना ही मुश्किल हो जाएगा, तब उनकी इसका महत्व उनकी समझ आएगा।

# अल नीनो: भारत के भविष्य पर मंडराता संकट

**ताजा पूर्वानुमानों के अनुसार, 2026 के आखरी महीनों में एक अत्यधिक शक्तिशाली अल नीनो उभरने की पूरी आशंका है वैज्ञानिकों ने भारत पर पड़ने वाले इस संभावित अल नीनो के प्रभाव को चार प्रमुख तिमाहियों में विभाजित किया है, जो देश के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने पर असर डालेगा। पहला जून से सितंबर 2026 में मॉनसून पर संकट और बुवाई में देरी, दूसरा अक्टूबर से दिसंबर तक खरीफ फसलों को नुकसान और बढ़ती महंगाई और तीसरा जनवरी से मार्च 2027 तक गर्म सर्दियां और रबी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव शामिल है। प्रशांत महासागर में विकसित होने वाली जलवायु घटना अल नीनो केवल एक मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि भारत की कृषि, जल, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाली वैश्विक जलवायु प्रक्रिया है।**

राज कुमार सिन्हा



वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण अल नीनो की तीव्रता और अनिश्चितता दोनों बढ़ रही हैं, जिससे भारत जैसे मानसून-निर्भर देश के लिए इसके खतरे और गंभीर हो गए हैं। सामान्य परिस्थितियों में प्रशांत महासागर की व्यापारिक पवनें (ट्रेड विन्डस) गर्म जल को पश्चिम की ओर एशिया और ऑस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं। लेकिन जब ये पवनें कमजोर पड़ जाती हैं, तब मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर का समुद्री तापमान सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। इसी स्थिति को अल नीनो कहा जाता है। यह घटना वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण को बदल देती है और भारतीय मानसून को कमजोर कर सकती है। भारत की लगभग आधी कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। देश के जलाशय, भूजल पुनर्भरण, बिजली उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दक्षिण-पश्चिम मानसून पर निर्भर हैं। अल नीनो सीधे मानसून को प्रभावित करता है, इसलिए इसका प्रभाव बहुआयामी होता है।

अल नीनो का सबसे बड़ा प्रभाव भारतीय मानसून पर पड़ता है। विगत कई वर्षों के मानसून अध्ययन से पता चलता है कि भारत में बड़े सूखे अल नीनो आए हैं। मानसून कमजोर होने पर वर्षा की मात्रा घटती है और उसका वितरण भी असमान हो जाता है। देर से मानसून आगमन लंबे 'ड्राई स्पेल 'हैं और अचानक अत्यधिक वर्षा की घटनाएं

सूखा और बाढ़ दोनों का जोखिम बढ़ाता है, अर्थात् जलवायु परिवर्तन के कारण अब 'कम बारिश' के साथ 'अत्यधिक बारिश' की घटनाएँ भी बढ़ रही हैं। यानी मानसून कमजोर हो सकता है लेकिन कुछ दिनों में अत्यधिक बारिश से विनाशकारी बाढ़ भी आ सकती है।पर्यावरण क्षेत्र में काम करने वाले उतराखंड के इशांत अग्रवाल का कहना है कि आमतौर पर मानसून के इस तरह अचानक रूठ जाने या थम जाने का सारा दोष 'ग्लोबल वॉर्मिंग', अल-नीनो या समुद्र के गर्म होने के सिर मढ़ दिया जाता है। लेकिन भारत के बेहतरीन वैज्ञानिकों की लगातार आ रही रिसर्च ने एक ऐसा कड़वा सच सामने रखा है, जिसके जिम्मेदार कहीं न कहीं हम खुद हैं। विज्ञान कहता है कि मानसून के इस तरह कमजोर होने की एक बहुत बड़ी वजह हमारे ठीक सामने है। बढ़ते शहरीकरण, वनों की कटाई, आर्द्रभूमियों के विनाश और एकल फसल आधारित कृषि पद्धतियों ने स्थानीय जल चक्र को कमजोर किया है। इससे भूमि की नमी घट रही है और मानसून के पैटर्न में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि भूमि उपयोग में परिवर्तन और वनस्पति आवरण में कमी भी मानसून की अनिश्चितता बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण कारक बनते जा रहे हैं।

भारत को अल नीनो के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। इसमें वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, जलग्रहण क्षेत्र विकास, फसल विविधीकरण, सूखा-रोधी बीजों को बढ़ावा, रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करना, प्राकृतिक एवं जलवायु-अनुकूल कृषि को प्रोत्साहित करना, स्थानीय जल निकायों का संरक्षण और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। साथ ही शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाकर और हीट एक्शन प्लान लागू करके गर्मी के प्रभाव को कम किया जा सकता है। लगभग 315 जिलों में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना है और इन जिलों में सिंचाई की व्यवस्था बहुत सीमित है। इनमें से अधिकांश जिले मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के हैं। भारत सरकार ने किसानों के हित और खेती को सुरक्षित रखने के लिए जल प्रबंधन, बीज की उपलब्धता, और वैकल्पिक फसलों पर रणनीति तैयार की गई है।315 संवेदनशील जिलों को चिन्हित कर विशेष रूप से खरीफ फसलों जैसे धान और मक्का की सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। कम बारिश होने की स्थिति में किसानों को कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों और सूखे के प्रति सहनशील बीजों की आपूर्ति की जा रही है।राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई गई हैं, जो बारिश, जल स्तर और बीज-खाद की आपूर्ति पर लगातार नजर रख रही हैं।जानकार बताते हैं कि मध्यप्रदेश का धार, झाबुआ, बड़वानी, नीमच, रतलाम, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, शिवपुरी, मंडला, सतना, बैतूल, छिंदवाड़ा और खंडवा जिले ज्यादा प्रभावित होंने की संभावना है।

भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि अभी भी केंद्रीय भूमिका निभाती है। कमजोर मानसून का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ता है। धान, गेहूं, दाल, गन्ना और तिलहन उत्पादन में गिरावट होती है, खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित और सिंचाई लागत में वृद्धि होती है। हाल के वर्षों में सरकार को चीनी निर्यात रोकने जैसे कदम उठाने पड़े क्योंकि कमजोर मानसून से गन्ना उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ी है। जल संकट और भूजल पर दबाव कम वर्षा का सीधा असर नदियों, बांधों और भूजल स्तर पर पड़ता है।भारत में महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बुंदेलखंड और तेलंगाना पहले से ही भूजल दोहन के गंभीर संकट से जूझ रहा है। अल नीनो इस संकट को और गहरा कर सकता है। अल नीनो वाले वर्षों में वैश्विक तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में बनने वाले अल नीनो वैश्विक तापमान को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा सकता है। इस कारण लंबी और तीव्र हीटवेव, शहरी 'हीट आइलैंड' प्रभाव,श्रमिकों की कार्यक्षमता में कमी, लू से मौतें होगी और गरीब और असंगठित क्षेत्र के मजदूर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। अल नीनो का प्रभाव सभी वर्गों पर समान नहीं पड़ता। छोटे और सीमांत किसान, भूमिहीन मजदूर, महिलाएं, आदिवासी समुदाय, मछुआरे और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इससे ग्रामीणों का पलायन, आय असमानता और सामाजिक असुरक्षा बढ़ने का खतरा पैदा होता है। कम जल उपलब्धता और बढ़ती गर्मी ऊर्जा क्षेत्र को भी प्रभावित करती है। कमजोर मानसून का असर जीडीपी वृद्धि पर भी पड़ सकता है क्योंकि भारत की बड़ी आबादी कृषि आधारित है। अल नीनो समुद्री तापमान को बढ़ाकर समुद्री जैव विविधता को प्रभावित करेगा। इस कारण समुद्री खाद्य श्रृंखला बाधित और छोटे मछुआरों की आय प्रभावित होगी। भारत के तटीय राज्यों विशेषकर तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, ओडिशा और केरल पर इसका असर अधिक पड़ सकता है।

पहले अल नीनो एक प्राकृतिक चक्र था, लेकिन अब मानवजनित जलवायु परिवर्तन इसकी तीव्रता बढ़ा रहा है। प्रशांत महासागर में पनप रहा अल नीनो भारत के लिए केवल मौसम संबंधी घटना नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा, जल संकट, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता से जुड़ा राष्ट्रीय खतरा है। जलवायु परिवर्तन ने इस खतरे को और जटिल बना दिया है। यदि भारत ने समय रहते जल, कृषि और ऊर्जा नीतियों में व्यापक परिवर्तन नहीं किए, तो भविष्य में अल नीनो जैसी घटनाएँ करोड़ों लोगों की आजीविका और जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं।

अध्यात्म

## किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए

एक लोक कथा है, पुराने समय में एक गांव के मंदिर में एक विशाल पत्थर रखा हुआ था। वह पत्थर साधारण नहीं था। पंडित जी ने सोचा कि अगर इसे तराशकर सुंदर मूर्ति बनाई जाए तो मंदिर की शोभा और बढ़ जाएगी। उन्होंने यह विचार एक मूर्तिकार के सामने रखा और कहा कि इस पत्थर से भगवान शिव की मूर्ति बना दीजिए। मूर्तिकार ने पत्थर को ध्यान से देखा और काम शुरू कर दिया। वह दिनभर हथौड़ी और छेनी से उस पत्थर पर वार करता रहा, लेकिन पत्थर लगभग वैसा ही दिखाई देता रहा। दिन के अंत तक मूर्तिकार का उत्साह कम होने लगा। उसे लगने लगा कि यह पत्थर बहुत कठोर है और इससे मूर्ति बनाना संभव नहीं है। अंततः उसने हार मान ली और काम छोड़कर चला गया। पंडित जी निराश नहीं हुए। अगले दिन उन्होंने दूसरा मूर्तिकार बुलाया। नया मूर्तिकार जब आया, तो उसने भी पत्थर को देखा, औजार उठाए और पहला वार किया। आश्चर्यजनक रूप से, उस एक वार के बाद पत्थर में हल्की सी दरार आ गई। उसने लगातार काम जारी रखा। कुछ ही समय में वह कठोर पत्थर टूटने लगा और अंततः उससे भगवान शिव की एक अत्यंत सुंदर मूर्ति तैयार हो गई। यह देखकर पंडित जी सोच में पड़ गए। उन्हें समझ आया कि पहले मूर्तिकार के लगातार किए गए प्रयासों से पत्थर पहले ही अंदर से कमजोर हो चुका था, लेकिन उसने बीच में हार मान ली। अगर वह थोड़ा और धैर्य रखता और एक अंतिम प्रयास करता, तो सफलता उसी को मिल जाती और वही यह मूर्ति बना सकता था। इस कथा का सार यह है कि जीवन में कई बार हम सफलता के बहुत करीब पहुंचकर रुक जाते हैं। हम थककर, निराश होकर या परिणाम न देखकर प्रयास छोड़ देते हैं, जबकि असल में सफलता बस एक और प्रयास की दूरी पर होती है। जीवन में बड़े लक्ष्य भी ऐसे ही होते हैं- निरंतर प्रयास से ही उन्हें पूरा किया जा सकता है।

**सीख:** किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए लगातार प्रयास करना सबसे महत्वपूर्ण है। एक या दो असफलताओं से यह तय नहीं होता कि काम असंभव है। अक्सर सफलता उसी मोड़ पर होती है, जहां लोग हार मान लेते हैं। हर असफल प्रयास हमें कुछ न कुछ सिखाता है। पहला मूर्तिकार असफल नहीं था, उसने पत्थर को कमजोर किया था, लेकिन वह इसे समझ नहीं पाया। जीवन में भी हर असफलता हमें आगे बढ़ाने के लिए तैयारी कराती है, इसलिए सफल होने तक प्रयास करते रहना चाहिए।

# वैश्विक न्यायशास्त्र की कसौटी पर ईडी और विधिक सुधार

**भारत के समकालीन राजनीतिक और कानूनी विमर्श में यदि कोई एक शब्द सबसे अधिक गूंजता है, तो वह है 'ई-डी' यानी प्रवर्तन निदेशालय। कभी सफेदपोश अपराधों की जांच करने वाली एक शांत एजेंसी के रूप में जानी जाने वाली यह संस्था आज देश के शक्ति-केंद्र के रूप में उभरी है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पी-एम-एल-ए) के कठोर प्रावधानों ने ई-डी को वे शक्तियां प्रदान की हैं, जो शायद ही किसी अन्य जांच एजेंसी के पास हों। लेकिन जब हम वैश्विक पटल पर नजर डालते हैं, तो अमेरिका की फाइनेंशियल क्राइम्स एनफोर्समेंट नेटवर्क और यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी जैसी संस्थाएं एक अलग कहानी बयां करती हैं।**

राजेश कुमार

भारत में ईडी की प्रकृति पुलिस और राजस्व विभाग का एक अनूठा मिश्रण है। यह न केवल वित्तीय अनियमितताओं की जांच करती है, बल्कि इसके पास गिरफ्तार करने, संपत्ति कुर्क करने और छापेमारी करने जैसी व्यापक पुलिस शक्तियां भी हैं। इसके विपरीत, संयुक्त राज्य अमेरिका की फाइनेंशियल क्राइम्स एनफोर्समेंट नेटवर्क मुख्य रूप से एक 'वित्तीय खुफिया इकाई' के रूप में कार्य करती है। फाइनेंशियल क्राइम्स एनफोर्समेंट नेटवर्क का प्राथमिक कार्य डेटा का विश्लेषण करना और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना है, न कि सीधे सड़कों पर उतरकर छापेमारी करना। वहां जांच का जमीनी काम एफबीआई जैसी एजेंसियां करती हैं।

वहीं, यूनाइटेड किंगडम की नेशनल क्राइम एजेंसी नागरिक और आपराधिक दोनों तरह की शक्तियों से लैस है। नेशनल क्राइम एजेंसी का ढांचा 'बहु-विषयक' है, जो इसे संगठित अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक लचीला रुख अपनाने की अनुमति देता है। भारत में ई-डी की समस्या यह है कि यह 'राजस्व' की आड़ में पुलिस शक्तियों का प्रयोग करती है, जिससे अक्सर यह विवाद उत्पन्न होता है कि क्या यह एजेंसी आपराधिक प्रक्रिया संहिता के संरक्षणों से ऊपर है। भारतीय पीएमएलए की धारा 24 एक अत्यंत विवादास्पद प्रावधान है। सामान्य कानून का सिद्धांत कहता है कि जब तक दोष सिद्ध न हो जाए, व्यक्ति निर्दोष है और अपराध साबित करने का भार अभियोजन पर होता है। लेकिन, भारत में ईडी के मामलों में यह भार आरोपी पर डाल दिया गया है। यानी, यदि आप पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है, तो आपको अदालत में यह साबित करना होगा कि आप निर्दोष हैं। इसकी तुलना यदि हम अमेरिका और यूके से करें, तो वहां की कानूनी व्यवस्था अभी भी 'बेगुनाही के अनुमान' के पारंपरिक सिद्धांत पर टिकी है। वहां अभियोजन पक्ष को संदेह से परे यह साबित करना होता है कि आरोपी ने अपराध किया है। भारत का यह उल्टा पिरामिड ढांचा अक्सर व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के बीच एक बड़ी खाई पैदा कर देता है, जहां आरोपी महीनों तक जेल में केवल इसलिए रहता है क्योंकि वह अपनी बेगुनाही का प्रारंभिक साक्ष्य नहीं दे पाता। एक और महत्वपूर्ण बिंदु 'बयानों की स्वीकार्यता' का है। भारतीय कानून के अनुसार, पुलिस अधिकारी के सामने दिया गया बयान अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता (साक्ष्य अधिनियम की धारा 25)। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने 'विजय मदनलाल चौधरी' मामले में यह व्यवस्था दी कि ई-डी अधिकारी 'पुलिस अधिकारी' नहीं हैं। इसलिए, ई-डी के समक्ष दिया गया बयान अदालत में आरोपी के खिलाफ इस्तेमाल किया जा सकता है।

यह व्यवस्था वैश्विक मानकों से काफी भिन्न है। अमेरिका में 'मिरांडा राइट्स' के तहत किसी भी एजेंसी के सामने दिया गया बयान तब तक मान्य नहीं होता जब तक आरोपी को उसके चुप



रहने के अधिकार की जानकारी न दी गई हो। यूके में भी मानवाधिकार सुरक्षा के कड़े नियम हैं, जो किसी भी एजेंसी को डरा-धमका कर या दबाव में बयान लेने से रोकते हैं। भारत में ई-डी को मिली यह शक्ति उसे एक ऐसी स्थिति में खड़ा कर देती है जहां 'आत्म-दोषारोपण' के खिलाफ संवैधानिक सुरक्षा (अनुच्छेद 20(3)) कमजोर पड़ती दिखाई देती है। आंकड़े किसी भी एजेंसी की सफलता की कहानी कहते हैं। भारत में ई-डी की दोषसिद्धि दर काफी चर्चा का विषय रही है, जो कि ऐतिहासिक रूप से 1% से भी कम रही है। हजारों मामलों और सैकड़ों गिरफ्तारियों के बावजूद, अंतिम सजा तक पहुंचने वाले मामलों की संख्या नगण्य है। इसका कारण अक्सर जटिल कानूनी प्रक्रिया और जांच में लगने वाला लंबा समय बताया जाता है। इसके विपरीत, अमेरिका की फाइनेंशियल क्राइम्स एनफोर्समेंट नेटवर्क और यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी का ध्यान केवल जेल भेजने पर नहीं, बल्कि 'रिकवरी' पर अधिक होता है। वे वित्तीय प्रणाली को स्वच्छ रखने और अवैध धन को जब्त करने में अधिक सफल रही हैं। वहां की न्यायिक प्रक्रिया तेज है और एजेंसियां केवल उन्हीं मामलों को कोर्ट तक ले जाती हैं जहां साक्ष्य ठोस हों। भारत में, प्रक्रिया ही अक्सर सजा बन जाती है, जहां सालों तक आरोपी बिना किसी दोषसिद्धि के न्यायिक हिरासत या कानूनी उलझनों में फंसा रहता है। प्रवर्तन निदेशालय की कार्यप्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने के लिए कुछ मौलिक विधिक और संस्थागत सुधार अनिवार्य हैं। सबसे महत्वपूर्ण सुधार स्वतंत्र निरीक्षण से संबंधित है; एजेंसी की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसे वर्तमान राजस्व विभाग के नियंत्रण से मुक्त कर एक 'सांविधिक स्वायत्त निकाय' के रूप में पुनर्गठित किया जाना चाहिए। इसकी सीधी जवाबदेही संसद के प्रति होनी चाहिए, जिससे राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप कम होंगे और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही, समयबद्ध जांच के सिद्धांतों को लागू करना आवश्यक है ताकि संपत्तियों की कुर्की और जांच की प्रक्रिया वर्षों तक न खिंचे। कानून में अस्थायी कुर्की और अंतिम न्यायिक निर्णय के बीच एक निश्चित समय सीमा अनिवार्य होनी चाहिए, जिससे निर्दोष व्यक्तियों की आर्थिक स्वतंत्रता बाधित न हो। संस्थागत ढांचे के साथ-साथ, पी-एम-एल-ए की कठोर शक्तियों और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के मानवीय सिद्धांतों के बीच सामंजस्य स्थापित करना समय की मांग है। गिरफ्तारी के आधारों और बयानों की स्वीकार्यता को संवैधानिक सुरक्षा उपायों के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए ताकि कानूनी प्रक्रिया स्वयं में एक 'सजा' न बन जाए। अंततः, जांच की गुणवत्ता और दोषसिद्धि दर में सुधार के लिए एक विशेषज्ञ कैडर का विकास अत्यंत आवश्यक है। केवल प्रतिनियुक्ति पर आए पुलिस अधिकारियों के स्थान पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, डाटा एनालिस्ट्स, फॉरेंसिक ऑडिटर्स और साइबर विशेषज्ञों की स्थायी नियुक्ति होनी चाहिए। आधुनिक वित्तीय अपराधों को सुलझाने के लिए केवल कानूनी शक्ति पर्याप्त नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीकी विशेषज्ञता के समन्वय से ही वास्तविक अपराधियों को प्रभावी ढंग से सजा दिलाई जा सकती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे अपराधों से निपटने के लिए ईडी जैसी एक सशक्त एजेंसी की आवश्यकता है। लेकिन, शक्ति के साथ जवाबदेही का होना भी अनिवार्य है। वैश्विक तुलना यह स्पष्ट करती है कि जहां विकसित लोकतंत्रों में वित्तीय जांच एजेंसियां 'सिस्टम' को सुधारने और 'साक्ष्य' पर आधारित काम करती हैं, वहीं भारतीय तंत्र में 'प्रक्रियात्मक कठोरता' अधिक है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में कानून की वास्तविक शक्ति उसकी दंडात्मक कठोरता में नहीं, बल्कि उसके न्यायसंगत होने में निहित है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करेंगे। परिस्थितियों का समझदारी से मुकाबला करेंगे। आर्थिक मामलों के लिये दिन अत्यधिक शुभ रहने वाला है।

**वृषभ**
आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय बर्बाद न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये।

**मिथुन**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता रहेगी। नौकरीपेशा जातकों को आज सम्मान मिल सकता है। आज आप काफी चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।

**कर्क**
दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। चलते हुये कार्य अटक सकते हैं। आज गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। छोटी-छोटी समस्याओं की उपेक्षा इस समय न करें।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। इस कारण घर में झगड़ा हो सकता है। बातचीत करते हुये शब्दों का चयन सही तरह से करें।

**कन्या**
रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। वाहन में खराबी आ सकती है। दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है।

**तुला**
आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रयोग करेंगे। विद्यार्थियों को आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर कुछ निर्णय हो सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे।

**धनु**
अधिकारियों के साथ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। किसी प्रतिष्ठित जगह पर स्वादिष्ट भोजन का आनन्द ले सकते हैं।

**मकर**
सहकर्मियों का आपके प्रति व्यवहार खराब हो सकता है। माँसपेशियों में खिंचाव की समस्या रहेगी। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**कुंभ**
नये विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। वैवाहिक सम्बन्ध अत्यन्त मधुर रहने वाले हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावनात्मक रहेंगे।

**मीन**
किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आपमें प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ सकती है। धन और करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### पोठही में अतिक्रमण हटाने गई पुलिस बैरंग वापस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मौजा पोठही, थाना नंबर 42, खाता संख्या 174, खेसरा नंबर 372 की किस्म गैरमजरूआ आम रास्ता जमीन से अतिक्रमण हटाने गई प्रशासनिक टीम को बुधवार को ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस प्रशासन को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा।अतिक्रमण हटाने के लिए दंडाधिकारी के रूप में राजस्व अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, पुनपुन और वरीय दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी ममता, पुनपुन को प्रतिनियुक्त किया गया था। पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था।दल-बल के साथ जब प्रशासन की टीम अतिक्रमण स्थल पर पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध करते हुए घंटों प्रदर्शन किया। विरोध जाता रहे लोगों ने कहा कि पहले नापी किया जाए उसके बाद ही अतिक्रमण चिह्नित कर अतिक्रमण हटा अभियान चलाया जाए,बहरहाल बढ़ते हंगामे को देखते हुए स्थिति को देखते हुए प्रशासन को बिना कार्रवाई के बैरंग वापस लौटना पड़ा।अब प्रशासन आगे की रणनीति बनाकर आगामी रविवार को कार्रवाई की तैयारी में है। मामले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

### फरार आरोपियों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते अपराध और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मसौढ़ी अनुमंडल में बुधवार शाम 6 बजे से गुरुवार सुबह 6 बजे तक 12 घंटे का स्पेशल ड्राइव चलाया गया। इस अभियान में मसौढ़ी, धनरुआ, पुनपुन, भगवानगंज, कादिरगंज, पिपरा,केवडा, नदवां बहरामपुर, लहसुना समेत अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस शामिल रही। हत्या, हत्या का प्रयास, पॉस्को,डकैती, चोरी, लूट, रंगदारी सहित संगीन मामलों में फरार चल रहे नामजद अभियुक्तों और अन्य वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। रखड के आदेश के बाद सभी थानाध्यक्षों को सेक्टर स्तर पर टास्क दिए गए। टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर सघन छापेमारी की गई। पुलिस ने फरार आरोपियों के घर, रिश्तेदारों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। सभी थानों से छापेमारी की रिपोर्ट गुरुवार सुबह रखढ कार्यालय को भेजी जानी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार अपराधियों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### नगर एसपी पूर्वी शैलजा ने किया पुनपुन थाना का निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, पटना सुश्री शैलजा ने पुनपुन थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के कामकाज और विधि-व्यवस्था की समीक्षा की। रढ पूर्वी ने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना और सिरिस्ता के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। लंबित कांडों की अनुसंधान प्रगति की भी समीक्षा की गई। कार्यों और अनुसंधान के समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए



संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में सक्रिय गश्ती में बढ़ोतरी करने का आदेश दिया। उन्होंने सूचना-संग्रह तंत्र को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया ताकि अपराधियों की गतिविधियों पर पहले ही नजर रखी जा सके। संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित, योजनाबद्ध और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। एसपी शैलजा ने कहा कि थाने की प्राथमिकता जनसुरक्षा और विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना है। इसके लिए सभी कर्मियों को सतर्क और संवेदनशील होकर काम करने को कहा गया।

### एनसीसी कैडेट हर्षित का अग्निवीर जीडी में चयन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस. एम. डी. कॉलेज, पुनपुन के एनसीसी कैडेट हर्षित कुमार सिंह ने भारतीय सेना में अग्निवीर जीडी पद के लिए चयनित होकर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से पूरे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।हर्षित ने एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का परिचय देते हुए यह मुकाम हासिल किया। चयनित कैडेट ने अपनी इस सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास, एनसीसी अधिकारियों के मार्गदर्शन और महाविद्यालय के सहयोगपूर्ण वातावरण को दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र ने हर्षित को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने हर्षित के उज्ज्वल भविष्य और सैन्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने भी कैडेट को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य ही युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना विकसित करना है। हर्षित की सफलता इसी का प्रमाण है। कॉलेज परिवार ने हर्षित के माता-पिता को भी इस गौरव के लिए बधाई दी है।

### फरार तस्कर 6 महीने बाद गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के काजीचक पेटीबीघा गांव में गांजा तस्करी और अवैध हथियार रखने के मामले में 6 महीने से फरार चल रहे तस्कर विकास कुमार पिता स्व. डोमन यादव को पुलिस ने बीते शाम घर से गिरफ्तार कर लिया है। मामला 27 दिसंबर 2025 का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विकास कुमार गांजा की तस्करी करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर विकास अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था।



तलाशी में घर से एक कुकर के बर्तन में छिपाकर रखा 410 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। इसके अलावा एक देसी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए थे।इस मामले में भगवानगंज थाना में कांड संख्या 214/25 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई थी। घटना के बाद से विकास फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसके ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।भगवानगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीते देर शाम पुलिस ने काजीचक पेटी बीघा स्थित उसके घर पर दोबारा छापेमारी की। इस बार विकास को घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब उसके नेटवर्क और गांजा सप्लाई के स्रोत की जांच कर रही है।

### चोरों को पिटाई कर किया पुलिस के हवाले

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के तकीयपर स्थित एक नमकीन दुकान से रुपए एवं उन सामग्री चोरी करने वाले एक बदमाश को स्थानीय लोगों ने पड़कर जमकर पीटाई कर पुलिस के हवाले किया है। पकड़ा गया बदमाश गाभतल के रहने वाला आदित्य है। पीड़ित दुकानदार अर्चना ने बताया कि उसका नमकीन विक्री करने का दुकान है। विगत शाम वह दुकान बंद करके ऊपरी हिस्से में बने घर में सोने चली गई थी। बुधवार की सुबह वह दुकान खोलने गई तो देखी कि उसकी दुकान का एक पल्ला ताला टूटा पड़ा है, और भीतर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। पीड़िता ने बताया कि दुकान में रखे गल्ले में करीब 80 हजार रुपए नगद एवं अन्य लोगों के सोने चांदी के लाखों के जेवरात मौजूद थे। वह सभी नदारत हैं। वह दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगालना शुरू की तो पता चला कि पास के ही रहने वाले आदित्य एवं तीन अन्य दुकान में चोरी कर-के गए हैं। स्थानीय लोगों ने उनकी खोज की तो आदित्य पकड़ा गया। बाकी दो अन्य बदमाश फरार हो गए। पीड़िता



ने बताया कि एक दिन पहले यह बदमाश दुकान पर सामान खरीदने आया था। पैसे मांगने पर उसने भुगतान करने से इनकार कर दिया था और सामान नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया, 'चोरी के संदेह में स्थानीय लोगों ने एक युवक को पुलिस के हवाले किया है। पीड़ित द्वारा अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ससुराल वालों पर मारपीट-रंगदारी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मणिचक में संपत्ति में हिस्सा को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मणिचक निवासी आशा कुमारी, पति दिनेश कुमार ने मसौढ़ी थाने में ससुराल पक्ष के 3 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।आवेदन में आशा कुमारी ने बताया कि सास शिवदुलारी देवी, पति वैजनाथ प्रसाद और दो देवर गौरख कुमार उर्फ महेश कुमार तथा मुन्ना कुमार उन्हें और उनके पति को मकान-जमीन में हिस्सा नहीं दे रहे थे। इसी कारण वे किराए के मकान में रह रहे थे। आरोप के अनुसार 28 जून 2026 को शाम करीब 5 बजे पंचायती के दौरान पंकज कुमार के हाता में तीनों पहुंचे और हिस्सा देने से इनकार करते हुए 20 लाख रुपये की मांग की।

# डॉक्टर्स डे पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ने मनाया 8वां स्थापना दिवस

## 500 से अधिक सफल नैनो टेकनिक नी रिप्लेसमेंट के बाद अब रोबोटिक नी एवं हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की शुरूआत

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना ने अपना 8वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर अस्पताल ने बिहार के मरीजों के लिए अत्याधुनिक रोबोटिक नी एवं हीप रिप्लेसमेंट सर्जरी की शुरूआत की। अस्पताल ने बताया कि अब तक नैनो तकनीक से 500 से अधिक सफल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जा चुकी हैं। अब रोबोटिक तकनीक के माध्यम से मरीजों को और अधिक सटीक, सुरक्षित एवं आधुनिक इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह तथा पटना सिटी के विधायक रत्नेश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। सभी अतिथियों ने अस्पताल की इस नई पहल की



सराहना करते हुए कहा कि यह तकनीक बिहार के मरीजों के लिए बड़ी सौगात है। इस अवसर पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पद्मश्री डॉ. विजय प्रकाश ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य बिहार के लोगों को महानगरों जैसी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने राज्य में ही उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 500 से अधिक सफल नैनो तकनीक नी रिप्लेसमेंट के बाद अब रोबोटिक तकनीक की शुरूआत अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं में एक नया अध्याय है। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथियों द्वारा अस्पताल के चिकित्सकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय मित्तल, डॉ. अभय कुमार (लेप्रोस्कोपिक सर्जन), प्रो. डॉ. राजेश तिवारी (यूरोलॉजिस्ट), प्रो. डॉ. नीरव कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ) सहित बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के डॉक्टरों को उनके उत्कृष्ट चिकित्सा योगदान एवं मरीजों के प्रति समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। अस्पताल के विशेषज्ञों ने बताया कि रोबोटिक नी एवं हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी से ऑपरेशन अधिक सटीक होता है, दर्द एवं रक्तस्राव कम होता है, मरीज तेजी से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकता है। अस्पताल भविष्य में भी बिहार के लोगों को अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### डॉक्टर्स डे : केक काटकर लिया मानव सेवा का संकल्प

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी में उत्साह के साथ केक काटकर आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने मानव सेवा का



संकल्प लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. रामानुज ने अस्पताल कर्मियों के साथ केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाया। कार्यक्रम में डॉ आनंद,प्रखंड जीविका परियोजना पदाधिकारी दिग्विजय नारायण समदर्शी, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन सिंह, चंद्र भूषण प्रसाद, राकेश पटेल सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## टी.पी.एस. कॉलेज के विद्यार्थियों का जिला रेड रिबन रन 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रेड रिबन रन 2026 का आयोजन बुधवार को ए एन कॉलेज परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। महाविद्यालय के



एन.एस.एस./रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार के मार्गदर्शन में टी.पी.एस. कॉलेज के छात्र गणेश कुमार ने तृतीय स्थान तथा मनीष कुमार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों से संबंधित संदेश भी प्रसारित किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने विजेता विद्यार्थियों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मविश्वास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ विभिन्न शैक्षणिक, खेल एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।मीडिया प्रभारी डॉ मुकुंद कुमार ने गणेश कुमार एवं मनीष कुमार की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डॉक्टर्स डे पर पारस हेल्थ ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ, पटना में सभी चिकित्सकों के सम्मान में 'ग्रैटिट्यूड वीक' के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों के समर्पण, सेवा भावना और उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारस हेल्थ परिवार ने अपने नए जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह का भी औपचारिक स्वागत एवं परिचय कराया। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग टीम तथा अन्य कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पारस हेल्थ के ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री विनीत



अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा, डॉक्टर केवल मरीजों का उपचार नहीं करते, बल्कि उन्हें आशा, विश्वास और नया जीवन भी प्रदान करते हैं। हमें विश्वास है कि डॉ. दीपक सिंह के नेतृत्व में विश्वस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई, डॉ. प्रकाश सिंहा, डॉ. कुमार अभिषेक, डॉ. अम्बुज कुमार, डॉ. निरज झा, डॉ. वीर अभिमन्यू पंडित, डॉ. कुमारी अर्चना, डॉ. विवेक रंजन, डॉ. रश्मि प्रसाद, डॉ. शेखर केसरी, डॉ. चंदन किशोर, डॉ. बिनीता सिंहा, डॉ. नाज़िया निगार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. शशि कुमार, डॉ. जावेद अनवर, डॉ. वेद प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## ए. एन. कॉलेज में पटना जिला स्तरीय रेड रन 2026 का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए. एन. कॉलेज, पटना में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, भारत सरकार के मार्गदर्शन में बुधवार को पटना जिला स्तरीय रेड रन 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस मैराथन में पटना जिले के विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक



भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स जागरूकता, किशोर स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति युवाओं को जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में ए. एन. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने किया। उन्होंने युवाओं के शारीरिक स्वास्थ्य, फिटनेस तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर BSACS के अधिकारी एवं एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। बालक वर्ग में ए. एन. कॉलेज के आनंद कुमार जायसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पांच बालक एवं प्रथम पांच बालिकाओं सहित कुल दस विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय रेड रन 2026 प्रतियोगिता में पटना जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में ए. एन. कॉलेज के डॉ. नवीन कुमार (कार्यक्रम पदाधिकारी, एनएसएस), डॉ. संजय कुमार हिंदी विभाग) एवं अन्य शिक्षक भी कार्यक्रम में मौजूद रहें।कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. अमृता चक्रवर्ती, जिला नोडल पदाधिकारी, रेड रन 2026 (पटना जिला) द्वारा किया गया।

### गर्मी की छुट्टी बाद स्कूलों में लौटी रौनक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार से मसौढ़ी के सभी सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में फिर से रौनक लौट आई है। बच्चों को स्कूल से दोबारा जोड़ने और उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी प्राथमिक-मध्य विद्यालयों में एक सप्ताह तक 'स्वागत सप्ताह' मनाने का निर्देश दिया है। मसौढ़ी के प्राथमिक विद्यालय मीरचक में सोमवार को बच्चों का खास अंदाज में स्वागत किया गया। स्कूल की महिला शिक्षिकाओं ने प्रवेश द्वार पर फूल-माला से बच्चों का अभिनंदन किया। स्कूल परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया ताकि बच्चे उत्साह के साथ पढ़ाई शुरू करें। वरीय शिक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार पूरे सप्ताह विद्यालय पहुंचने वाले हर बच्चे का विशेष स्वागत किया गया।

**ए.एन. कॉलेज, पटना एवं देशव्यापी पर्यावरणीय संगठन तरुमित्र के बीच पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन**

## जनजागरूकता एवं संयुक्त शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच वर्षों के लिए एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान पर्यावरणीय स्थिरता, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, छात्र-युवा सहभागिता,



पर्यावरण जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाओं, सेमिनारों तथा संयुक्त शोध परियोजनाओं का संचालन करेंगे। इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदनशीलता विकसित करना तथा समाज में सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एमओयू पर ए.एन. कॉलेज, पटना की ओर से प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत तथा तरुमित्र की ओर से निदेशक फादर टोनी पेंडानाथ एस.जे. ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ए.एन. कॉलेज की ओर से डॉ. अभिषेक दत्ता, बर्सर तथा तरुमित्र की ओर से देवप्रिया दत्ता, समन्वयक साक्षी के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा तथा संस्थान को शोध एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर दोनों संस्थानों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया। यह साझेदारी शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## सड़क पर गिरा बालू बना काल, बाइक से फिसलकर ट्रक की चपेट में आई महिला, मौके पर मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया नेशनल हाईवे 22 पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तिनेरी गोपालपुर के पास बुधवार सुबह सड़क पर गिरे बालू के कारण बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार 64 वर्षीय महिला कुंती देवी की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर करीब चार घंटे तक जाम लगा





रहा।परीजनों ने जमकर हंगामा मचाया,मृतका की पहचान कुंती देवी पति सुरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। जो टरवां, घोसी, जिला जहानाबाद की निवासी थीं। परिजनों के अनुसार कुंती देवी अपने दमाद अरूण के साथ बाइक पर जहानाबाद से इलाज करवा कर अपने घर ओकरी थाना क्षेत्र के टरवां जा रही थीं। साथ मे पांच वर्ष का बच्चा भी था,जैसे ही बाइक तिनेरी गोपालपुर के पास पहुंची, सड़क पर गिरा हुआ बालू देखकर बाइक का पिछला टायर फिसल गया। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। और ट्रक फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही सीओ बीडीओ एवं मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां आक्रोशित लोगों ने को समझाने मे जुटे रहे।नेशनल हाईवे जाम होने से यातायात बाधित रही,आक्रोशित लोगों ने सड़क पर बालू गिराने वाले ट्रकों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस के समझाने पर जाम हटाया गया। मसौढ़ी अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि सड़क पर बालू गिरने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी आसपास के सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है। बालू गिरने और ओवरलोडिंग करने वाले ट्रकों पर कार्रवाई की जाएगी। ठल्-22 पर जगह-जगह बालू गिरने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। पुलिस ने ट्रांसपोर्टरों को सख्त चेतावनी दी है।

### के टॉप-10 अपहरण आरोपित राजा गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना कांड संख्या 20/26 में फरार चल रहे टॉप टेन अभियुक्त राजा कुमार को मराँची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।शोभा देवी, निवासी नया कसहा, थाना मरांची, ने 2 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र गणेश कुमार उर्फ सत्री और सोनू कुमार का जान मारने की नियत से अपहरण कर लिया गया है। इस पर धारा 140(1),3(5) के तहत केस दर्ज किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष



टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान कर दोनों अपहृत बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों ने बताया कि उनके साथ मारपीट की गई थी। इलाज के बाद दोनों का न्यायालय में बयान कराया गया।

## अब्दुल हमीद जयंती, अब्दुल कय्यूम अंसारी जयंती पर रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ स्थित हारुन नगर सेक्टर-2 कम्यूनिटी हॉल में वीर अब्दुल हमीद जयंती, अब्दुल कय्यूम अंसारी जयंती एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त डीआईजी मो अब्दुल्लाह ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा सामाजिक सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस



इस शिविर का आयोजन फोरॉम फोर पीस एंड जस्टिस फोरम फॉर पीस एंड जस्टिस द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला एवं पुरुष दोनों ने आगे बढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान किया और मानव सेवा का संदेश दिया। आयोजन के दौरान रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व एवं समाज में इसकी आवश्यकता के प्रति जागरूक भी किया गया। अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मो. अब्दुल्लाह , सचिव एम क्यू जोहर, मो. मुसीर आलम, शहनवाज, मो. तनवीर आलम, सैयद अरशद इकबाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मोर पोखर के पास दालान में सो रहे बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मोर पोखर के पास मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की सोए अवस्था में ही गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान भूखन यादव, उम्र 65 वर्ष, के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ एसडीपीओ राम कृष्णा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड और तकनीकी अनुसंधान टीम को बुलाकर जांच शुरू की गई है। शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, भूखन यादव मंगलवार रात करीब 11 बजे गांव में एक श्राद्ध कर्म के भोज से लौटे थे। इसके बाद वह घर से करीब आधा किलोमीटर दूर अपने दालान में रोज की तरह सोने चले गए। वह पिछले करीब 3 साल से अकेले ही दालान में रह रहे थे, परिवार घर में रहता था, खाना खाने वह घर जाते थे।रात करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई थी, जिस पर उन्होंने बात भी की थी। आशंका है कि रात 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच अपराधियों ने कनपटी में सटाकर गोली मार दी। वह जिस अवस्था में सोए थे, उसी अवस्था में मृत पाए गए।सुबह करीब 5 बजे जब उनकी पत्नी दालान पहुंची तो शव देखकर चीख पड़ीं, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।घटनास्थल के पास खेत में घोड़े के पैर के निशान भी मिले हैं, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।मोकामा अवर थानाध्यक्ष सत्यम कुमार झा ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, हर बिंदु पर जांच की जा रही है। मृतक के बेटे विकास यादव ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस ने एफएसएल और तकनीकी साक्ष्य जुटा लिए हैं, मामले की जांच जारी है।

**डॉग स्क्वायड और तकनीकी अनुसंधान टीम को बुलाकर जांच शुरू की**

# डॉक्टर्स डे पर डॉ. ठाकुर सुरेन्द्र सिंह ने अनुग्रह स्कूल को दी बड़ी सौगात

## पिता की स्मृति में लाखों रुपये की लागत से बनेगा इंडोर स्पोर्ट्स कक्ष




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रख्यात सर्जन डॉ. ठाकुर सुरेन्द्र सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य द्वारा डॉ. सुरेन्द्र सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करने से हुई। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। डॉ. सुरेन्द्र सिंह के साथ आए उनके अनुज अभियंता नीरज रंजन उर्फ लाल का भी विद्यालय परिवार ने सम्मान किया।
अपने संबोधन में प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सक समाज के लिए जीवनदाता की भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का भाव होना चाहिए। उन्होंने इस वर्ष के डॉक्टर्स डे की थीम का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉक्टर भी मानसिक, भावनात्मक एवं शारीरिक चुनौतियों का सामना करते हैं, इसलिए समाज को उनके प्रति भी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. ठाकुर सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि चिकित्सक का पेशा ईश्वर का दिया हुआ एक अनमोल वरदान है। उन्होंने बताया कि सर्जन के रूप में हजारों सफल ऑपरेशन कर लोगों को नया जीवन देने का अवसर उन्हें मिला है, जो उनके लिए सबसे बड़ा संतोष है। उन्होंने स्वयं को अनुग्रह विद्यालय का पूर्व छात्र बताते हुए विद्यार्थियों के साथ अपने छात्र जीवन की अनेक स्मृतियां साझा कीं। इस अवसर पर अभियंता नीरज रंजन उर्फ लाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इसी विद्यालय में प्राचार्य उदय कुमार सिंह उनके सहपाठी रहे हैं। वर्षों बाद अपने पुराने विद्यालय में आकर उन्हें अत्यंत खुशी और आत्मीयता का अनुभव हो रहा है। समारोह के दौरान डॉ. सुरेन्द्र सिंह एवं उनके भाई नीरज रंजन ने अपने दिवंगत पिता एवं जिले के प्रसिद्ध खेलप्रेमी स्व. ठाकुर राज किशोर सिंह की स्मृति में विद्यालय में लाखों रुपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स कक्ष के निर्माण की घोषणा की। दोनों भाइयों ने फीता काटकर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ भी किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता खेलों के प्रति बेहद समर्पित थे और राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर की अनेक खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अनुग्रह नारायण सिन्हा गोल्ड कप जैसे प्रतिष्ठित खेल आयोजनों का भी सफल आयोजन कराया करते थे।
कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्व. ठाकुर राज किशोर सिंह की स्मृति में बनने वाला इंडोर स्पोर्ट्स कक्ष विद्यालय के विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा तथा "खेलोगे तो खिलोगे" की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

# आपदा पीड़ित को अंचलाधिकारी ने सौंपा मुआवजा चेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर अंचलाधिकारी मो. अकबर हुसैन ने मुआवजा से संबधित चेक प्रखंड क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी धीरेंद्र कुमार यादव को सौंपा है। दो साल पहले तालाब में डूबने से धीरेंद्र कुमार यादव के पुत्र आयुष रंजन की मौत हो गई थी। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त चार लाख रूपये का चेक पीड़ित को प्रदान की गई है। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकार हर आपदा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और यथासंभव मदद देने का प्रयास करती है। इस तरह की घटना अत्यंत ह्रदयविदारक है। जहां तक हो सके मैं विपत्तिग्रस्त परिवार को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए प्रयास करूंगा। इस मौके पर जिला पार्षद शंकर यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पुलिस ने 7.45 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। शराब धंधेबाज अमरेंद्र कुमार औरंगाबाद जिले के अंबा थाना अंतर्गत कझपा गांव का निवासी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध शराब बिक्री की गुप्त सूचना पर एएलटीएफ टीम के साथ सब इंस्पेक्टर कमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शमशेर नगर स्थित किला के पीछे एक पुरानी बंद स्कूल में छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पुरानी बंद स्कूल में भूसा के घर में शराब की बिक्री हो रही है। भूसा घर में एक बोरा में शराब को छुपा कर रखा गया था, जिसकी मात्रा 7.45 लीटर है। बताया गया कि जब्त किए गए शराब में 375 एमएल का दो पीस, 375 एमएल का छह पीस,750 एमएल का दो पीस तथा 500 एमएल का 2 पीस व देशी शराब 300 एमएल का नौ पीस शामिल है। बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची तो धंधेबाज ने एक बोरा में रखे गए शराब को छुपाने लगा। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारी बात उगल दिया और बोरा में छुपा कर रखे गए शराब को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि पुलिस इस मामले में प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। गिरफ्तार धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मदनपुर प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज स्थापित कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। तत्काल डिग्री कॉलेज के संचालन के लिए पिरवां में विद्यालय का चयन किया गया है। जहां छात्र-छात्राओं का पहुंचना मुश्किल होगा। पिरवां मदनपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब 30-35 किलोमीटर सुदूर ग्रामीण इलाका है। जहां आने जाने के लिए वाहनों का संचालन बहुत ही कम है। सबसे बड़ी बात है कि पिरवां प्रखंड मुख्यालय से सीधे जुड़ा हुआ नहीं है। यहां जाने के गया जिले के आमस प्रखंड से होकर जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में डिग्री की पढ़ाई के लिए खास कर लड़कियों को सबसे ज्यादा परेशानी होगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी ठीक नहीं है। लोगों का कहना है कि डिग्री कॉलेज खोलना ही तो प्रखंड मुख्यालय में खुले ताकि छात्र-छात्राओं को सहूलियत हो। अनुग्रह नारायण+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय में काफी भवन खाली रहता है। बेरी उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी भवन खाली पड़ा रहता है। सारे प्रावधान, शर्तें और सुविधाएं तथा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से मानक के अनुसार है। सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठन प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डिग्री कॉलेज मदनपुर प्रखंड मुख्यालय में ही खोला जाए और तत्काल संचालन यही किया जाए।

# पंचायतों में खेल क्लबों का होगा पुनर्गठन, 15 अगस्त तक मौका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ग्राम पंचायतों में गठित खेल क्लबों को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 1 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक खेल क्लबों में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए खेल विभाग पटना के निदेशक के निर्देशानुसार ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है। जिला के सभी ग्राम पंचायतों में खेल क्लब के गठन हेतु अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन पूर्व में किया जा चुका है। अब खेल विभाग द्वारा क्लबों में अधिक-से-अधिक युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पंचायत में खेल गतिविधियों को सुदृढ़ एवं नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।
निर्देशानुसार आगामी 2 अक्टूबर 2026 से अगले तीन माह तक पंचायत स्तरीय खेल महोत्सव आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके तहत एक पंचायत के खेल क्लब की प्रतियोगिता दूसरे पंचायत के खेल क्लब के साथ कराई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इस उद्देश्य से विस्तृत प्रतियोगिता कार्यक्रम एवं आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों के बीच प्रखंड स्तर तथा उसके बाद जिला स्तरीय खेल क्लब महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा तथा खेल संस्कृति को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी पंचायत प्रतिनिधियों, खेल क्लब के पदाधिकारियों, युवाओं एवं खिलाड़ियों से अपील किया गया है कि वे सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपने-अपने पंचायत के खेल क्लब से जुड़कर खेल गतिविधियों को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की पहचान, उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराना तथा स्वस्थ एवं खेलमय वातावरण का निर्माण करना है।

# शराब बरामद, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के दौरान अवैध चुलाई शराब बरामद किया है। इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रफीगंज थाना में पदस्थापित ए एस आई रामअवधेश सिंह ने बताया कि 30 जून 2026 को रात्रि गश्ती सह विशेष छापेमारी के लिए स०अ०नि० मुक्तिदेव निराला एवं थाना रिजर्व बल के साथ क्षेत्र में निकले थे। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रतनखाप स्थित इंपल्स वैली स्कूल रोड के किनारे पैन के पास अवैध शराब छुपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पैन के किनारे एक पीले रंग का बोरा मिला। आसपास किसी व्यक्ति के मौजूद नहीं रहने पर पुलिस बल के जवानों को स्वतंत्र गवाह बनाकर बोरे की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में बोरे के अंदर से 15-15 लीटर वाले दो प्लास्टिक में करीब 30 लीटर तथा 2 लीटर वाले प्लास्टिक में दो लीटर कुल 32 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। पुलिस ने शराब को विधिवत जब्त कर वीडियोग्राफी कर ई-साक्ष्य पर अपलोड किया। इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं भंडारण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है।

# केक काटकर मनाया गया डॉक्टर डे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर डे के अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. महिमा सिंह एवं डॉ. प्रियंका कुमारी ने सामूहिक रूप से केक काटकर डॉक्टर डे मनाया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को डॉक्टर डे मनाया जाता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी चिकित्सकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, जिला कोऑर्डिनेटर पिरामिड जितेंद्र कुमार, एसबीआई शाखा प्रबंधक राजन कुमार, पंकज कुमार, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, एएनएम हेलेना सोरेन, जीएनएम वैजयंती माला, प्रीति कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने केक काटकर चिकित्सकों को डॉक्टर डे की बधाई दी।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापेमारी के तहत पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अमृत बिगहा से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। ट्रैक्टर के डाला पर अवैध बालू लदा हुआ था। ट्रैक्टर का चालक भागने में सफल रहा। इस संबंध में विधिसम्मत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–888 दिनांक–26.05.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0–03/2026–27 जिसका PR NO-004802 (BCD) 2026-27 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण दिनांक–09.07.2026 को 11:30 बजे अपराह्न में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

PR- 006822 ( B C D ) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**प्रेस–विज्ञप्ति**

श्री अनुज कुमार, तत्कालीन अंचल अधिकारी, अमौर, पूर्णियाँ सम्प्रति अंचल अधिकारी, औरंगाबाद सदर, औरंगाबाद के विरूद्ध राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना के पत्रांक–2845 दिनांक–09.07.2024 के वाद सं0–31/2023 शगुफा बेगम बनाम तरन्नुम में पारित आदेश के आलोक मे गलत जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के कारण विभाग स्तर पर आरोप पत्र गठित करते हुए विभागीय पत्रांक–1151(15) दिनांक–07.07.2025 से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने के उपरान्त विभागीय पत्रांक–1606(15) दिनांक–29.08.2025, पत्रांक–1823(15) दिनांक–09.10.2025, पत्रांक–80(15) दिनांक–15.01.2026 एवं पत्रांक–248(15) दिनांक–26.02.2026 से स्मारित करने के बावजूद अबतक श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित नहीं किया गया है।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको (श्री अनुज कुमार) सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से आरोपों के संबंध में अपना लिखित बचाव अभिकथन/स्पष्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करें, अन्यथा निर्धारित समय के अन्दर अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने की दशा में यह माना जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और नियमानुसार अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा।

PR- 006813 ( Revenue ) 2026-27

(डॉ0 महेन्द्र पाल),
अपर सचिव।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



अधीक्षण अभियंता का कार्यालय

**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद**

Mobile/Whatsapp:- 9296792629,
E-Mail: seaurangabad14@gmail.com, seaurangabadrwdbihar@gmail.com

अत्यावश्यक/आकस्मिक प्रकार के योजनाओं के त्वरित निष्पादन हेतु सेवा प्रदात्ताओं/आपूर्तिकत्ताओं के Empanelment हेतु

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

**NIT No- 02/Aurangabad Circle/2026-27**

ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक मु0 अ0 (नि0 एवं गु0) – 07–14/ 2026 – 1798 अनु0 दिनांक 14.05.2026 द्वारा निर्गत मानक संचालक प्रक्रिया के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद अंतर्गत अत्यावश्यक/आकस्मिक प्रकार के योजनाओं के त्वरित निश्पादन हेतु सामग्रियों/सेवाओं/Tools Plants आदि के लिए आपूर्तिकर्त्ता/सेवा प्रदात्ताओं का ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद के ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल/ ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जहानाबाद में वित्तीय वर्श 2026–27 के लिए पैनल बनाने हेतु निम्नांकित शर्त्तों के साथ प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन के साथ निम्नलिखित स्व. अभिप्रमाणित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधन प्रमाण–पत्र की प्रति।
2- GST में वैद्य निबंधन।
3. ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत पथ निर्माण कार्य से संबंधित पिछले पाँच वर्शों में कुल 10 करोड़ रूपये का Turnover /कार्य कराने का अनुभव होना चाहिए।
4. संवेदक को अपना E-Mail ID एवं Mobile No. उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. संवेदक द्वारा एक Affidavit, Quotation के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।

"If they are debarred or blacklisted by any state Govt./Central Govt./Public Undertaking, they shall not participate in Quotation/Financial Bid, if particiapate in Quotation/Financial bid, they shall not be considered and further legal action shall be initiated."

6. कोटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय
:– दिनांक 13.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक
7. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 13.07.2026 को 3.30 बजे अपराह्न
8. कोटेशन प्राप्त करने का स्थान :–
1. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद का कार्यालय
2. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल का कार्यालय
3. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जहानाबाद का कार्यालय

अन्य शर्त्ते अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेश सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक मु0 अ0 (नि0 एवं गु0) –07–14/2026 – 1798 अनु0 दिनांक 14.05.2026 द्वारा लागू मानक संचालक प्रक्रिया के अनुरूप होगी, जिसका प्रति कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य अंचल, औरंगाबाद

PR. No. 006723 (RWD) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ,
खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।



**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**
**विज्ञापन संख्या–01/2026**

सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–748, दिनांक–24.04.2026 एवं पत्रांक–749, दिनांक–24.04.2026 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों (Support Person) के अस्थायी पदों पर सूचीबद्ध (Empanelment) करने हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| | |
|---|---|
| पदनाम | सहायक व्यक्ति |
| शैक्षणिक योग्यता | सामाजिक कार्य (MSW)/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/बाल विकास या विधि में स्नातकोत्तर या बाल अधिकार/परामर्शन में डिप्लोमा के साथ किसी भी संकाय में स्नातक की डिग्री के साथ–साथ तीन वर्ष का अनुभव। |
| कार्य अनुभव | बाल अधिकार/बाल संरक्षण/विधिक कार्य/सामाजिक कार्य/बाल मनोविज्ञान परामर्शदाता/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का वांछनीय कार्य अनुभव। जिला विधिक सेवा प्राधिकार/बिहार राज्य विधिक सेवा प्र धिकार/जिला बाल संरक्षण इकाई/बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड/पॉक्सो न्यायालय अथवा चाईल्ड लाईन/चाईल्ड हेल्पलाईन सेवाओं में कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| रिक्ति | कुल रिक्ति – 20<br>UR – 07 (Male-04, Female-03)<br>SC/ST – 05 (Male-03, Female-02)<br>BC/EBC – 04 (Male-02, Female-02)<br>MINORITY – 04 (Male-02, Female-02) |
| उम्र | न्यूनतम 30 वर्ष अधिकत्तम 65 वर्ष<br>(राज्य में बाल कल्याण समिति के सदस्य के चयन हेतु निर्धारित उम्र) |
| पारिश्रमिक | 9000 रु० प्रति पॉक्सो वाद (किस्त में ) |

1. विज्ञापन की विस्तृत विवरणी एवं आवेदन का विहित प्रपत्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से जिला औरंगाबाद के आधिकारिक वेबसाईट http://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
2. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार पद का उल्लेख करते हुए विहित प्रपत्र में दिनांक–20.07.2026 के अप० 5:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद, (बिहार) पिन–824101** पते पर आवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद एवं अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
औरंगाबाद

PR- 006773 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला प्रोग्राम शाखा)**
**आंगनबाड़ी सेविका चयन से संबंधित सूचना**
**विज्ञापन संख्या–01/2026**

" माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC N0. 13574/2018 में दिनांक 06.08.2024 को पारित आदेश तथा MJC No. 2028/2025 में दिनांक–19.06.2026 को पारित आदेश के आलोक में आंगनबाड़ी केन्द्र दिवान बिगहा, कोड संख्या–198, वार्ड संख्या–07 हेतु नवीन विज्ञापन प्रकाशित कर चयन प्रक्रिया संपन्न करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। अतः उक्त आदेश के अनुपालन में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।" चूंकि सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका, 2022 मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के अनुमोदन हेतु लंबित है, अतः इस विज्ञापन के चयन पूर्ण होने से पूर्व अगर सेविका/ सहायिका चयन मार्गदर्शिका, 2022 अनुमोदित होकर प्रकाशित होने की स्थिति में उक्त विज्ञापन पर मार्गदर्शिका, 2022 के प्रावधान से प्रभावित होंगे।" इस संबंध में विभाग/ICDS निदेशालय से जो भी निदेश प्राप्त होगा उसका अनुपालन किया जायेगा।

समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के ज्ञापांक–990, दिनांक 05.04.2016 द्वारा निर्गत आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन मार्गदर्शिका 2016 तथा समय समय पर संशोधित मार्गदर्शिका के आलोक में बाल विकास परियोजना कार्यालय में सेविका की निम्नलिखित रिक्तियों के विरूद्ध चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

सेविका पद के विरूद्ध चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय ओबरा/जिला प्रोग्राम कार्यालय के सूचना पट्ट एवं औरंगाबाद जिले के सरकारी वेबसाइट www.aurangabad.bih.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

आवेदन–पत्र A4 साइज कागज पर विहित प्रपत्र में ही आवेदक द्वारा स्पष्ट रूप से भरा होना चाहिए। आवेदन पत्र संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दिनांक 06.07.2026 से 30.09.2026 के अपराहन् 05:00 बजे तक जमा किये जा सकते हैं।

अपूर्ण रूप से भरा आवेदन–पत्र अथवा निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जाएगा।

वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर उपलब्धता के अनुसार ग्राम सभा के आयोजन का स्थल सामुदायिक भवन, सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन, सरकारी आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी भवन होगा। इसके संबंध में आवश्यक जानकारी संबंधित परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सेविका पद की रिक्ति निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र | कोड | वार्ड नंबर | सेविका | वर्ग बाहुलता | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओबरा | दिवान बिगहा | 198 | 07 | 01 | अति पिछड़ा | |

**(क) आंगनबाड़ी सेविका चयन हेतु अर्हता–**

- सेविका चयन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण होगी। मैट्रिक के समकक्ष अन्य योग्यताओं को उसी स्थिति में मान्यता दी जायेगी जिस स्थिति में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा पंचायत शिक्षक नियोजन हेतु मान्यता दी गयी हो।
- चयन प्रक्रिया में उस वार्ड के बहुल्य वर्ग की प्राथमिकता रहेगी।
- अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से न्यूनतम 18 (अठारह) वर्श तथा अधिकतम 40 (चालीस) वर्ष होना चाहिए। **(विज्ञापन संख्याः–02/2016 से दिवान बिगहा केन्द्र हेतु आवेदित अभ्यर्थी जो उस वक्त न्यूनतम 18 (अठारह) वर्ष तथा अधिकतम 40 (चालीस) वर्ष के थे उन्हें इस विज्ञापन हेतु योग्य माना जायेगा)**
- सेविका को संबंधित वार्ड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
- सरकारी/गैर सरकारी नियोजन में कार्यरत व्यक्ति जिनकी मासिक आय रू 12,000/– (बारह हजार रूपये) या उससे ज्यादा है/जन प्रतिनिधि/संबंधित प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता की पत्नी/बहु सेविका के चयन के लिए अयोग्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी न्यायालय से दण्डित किया गया हो तो उसे भी आंगनबाड़ी सेविका के पद के लिए चयनित नहीं किया जायेगा।
- सेविका के अभ्यर्थियों को सभी प्रकार के प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- अन्य योग्यताएं आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन हेतु मार्गदर्शिका 2016 एवं समय समय पर संशोधित आदेश के समरूप होंगी।
- पूर्व के विज्ञापन (02/2016) इस विज्ञापन के अनुरूप संशोधित समझे जायें।
- विज्ञापन संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि दृष्टिगत होने पर यथोचित संशोधन किया जा सकेगा। तथा विज्ञापन को किसी समय रद् करने एवं संशोधित करने के सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे।

**नोटः–चयन माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश/फलाफल से प्रभावित होगा।**

जिला पदाधिकारी
औरगाबाद

PR- 006742 (Welfare) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# 'बिरसा कृषि रथ-2026' रवाना

## किसानों तक पहुंचायेगी आधुनिक खेती की जानकारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से 'बिरसा कृषि रथ-2026' को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि बिरसा कृषि रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों का भ्रमण कर किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, फसल प्रबंधन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, उन्नत बीजों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, सिंचाई प्रबंधन तथा फलों एवं सब्जियों के वैज्ञानिक उत्पादन एवं विपणन की जानकारी देगा। श्री यादव ने कहा कि जिला प्रशासन कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि रथ के माध्यम से चौपालों, जनसंवाद कार्यक्रमों और दृश्य-श्रव्य माध्यमों द्वारा किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, अनुदान आधारित कार्यक्रमों, प्राकृतिक खाद के उपयोग, कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि आधारित स्वरोजगार और आय बढ़ाने के नए अवसरों की भी जानकारी दी जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी किसान आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी से वंचित न रहे। बिरसा कृषि रथ किसानों और कृषि विभाग के बीच एक प्रभावी सेतु बनकर कृषि क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को नई गति देगा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी आशुतोष कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# पत्नी और उसके प्रेमी को अर्धनग्न कर गांव में घुमाने का वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। पत्नी के प्रेम-प्रसंग से नाराज पति ने अपने सहयोगियों के साथ प्रेमी युवक को पकड़कर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। पत्नी और उसके प्रेमी को एक साथ अर्धनग्न अवस्था में घुमाया गया। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस के अनुसार, महिला के पति और उसके सहयोगियों को दोनों के बीच प्रेम संबंध होने का संदेह था। आरोप है कि दोनों को पकड़कर बंधक बनाया गया और कपड़े फाड़कर अर्धनग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया गया। घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनुप रोशन भेंगरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के विरोध के बीच काफी मशक्कत के बाद 29 जून को दोनों को मुक्त कर थाना लाया गया। मामले में पांच नामजद एवं 40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छापेमारी कर रही है।

इधर, एसडीओ साइमन मरांडी और एसडीपीओ विजय कुमार ने पीड़िता का बयान दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुप रोशन भेंगरा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

### पांच नामजद तथा 40 अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी

पीड़ित महिला का ससुराल और मायका दोनों अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में हैं, जबकि प्रेमी साहेबगंज जिले के बोरियो प्रखंड का निवासी है। पीड़िता को सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित करने का काम उसके पति के इशारे पर किया गया। इस मामले में पीड़िता के बयान पर 49/2026 के तहत आईटी एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

गांव के मुखिया साहेबजन टुडू ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। किसी भी विवाद की सूचना प्रशासन को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित रहना चाहिए।

# एसआइआर को ले घर-घर पहुंचे रहे बीएलओ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जून से 29 जुलाई तक घर-घर प्रगणना अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) पूरी सक्रियता के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच प्रगणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण कर रहे हैं। संबंधित क्षेत्र के ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में शत प्रतिशत घरों में फॉर्म का वितरण कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है।

इस दौरान बीएलओ मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी भी दे रहे हैं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण रूप से भरे हुए प्रपत्र उपलब्ध कराने का आग्रह कर रहे हैं।

अभियान के दौरान मतदाता सूची के शुद्धिकरण, पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने, अपात्र एवं स्थानांतरित मतदाताओं से संबंधित विवरण के अद्यतन का कार्य भी किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाताओं से अपील की गई है कि वे प्रगणना प्रपत्र को सही एवं पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित बीएलओ को समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

# झारखंड में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने पर सीएम से एफजेसीसीआई ने की चर्चा

## सीएम को राज्यस्तरीय सम्मेलन में आने का दिया न्योता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई ) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में उद्योग, व्यापार, निवेश और औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि फेडरेशन की ओर से शीघ्र ही एक राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगपति, व्यापारी एवं उद्यमी भाग लेंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और राज्य में उद्योग एवं व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि झारखंड में निवेश और औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के अध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग और रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, उदयशंकर, रमेश कुमार चिनी, विनय अग्रवाल, पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, कार्यकारिणी सदस्य फिराजुद्दीन, गुमला चेम्बर के सदस्य अमर प्रदीप सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विधवा के साथ सामूहिक बलात्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र में 40 वर्षीय विधवा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार तड़के तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, नगरनौसा थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की बातचीत लक्ष्मी बिगहा निवासी विकास कुमार से होती थी।

मंगलवार शाम विकास ने फोन कर महिला को बुलाया और वाहन से लक्ष्मी बिगहा-रामपुर के खंधा इलाके में ले गया। वहां पहुंचने के बाद उसने अपने दो साथियों शैलेश कुमार और नीतीश कुमार को भी बुला लिया।

पीड़िता के अनुसार, तीनों आरोपितों ने जबरन उसे मक्के के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपित उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के

### सभी आरोपित गिरफ्तार

अनुसार, मामले की जांच जारी है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। घटना के बाद बदहवास हालत में निकली महिला को रामपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक राहगीर मिला, जिसने उसकी मदद की। इसके बाद डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़िता को थाने ले जाकर उसकी शिकायत दर्ज की।

थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने रात में ही लक्ष्मी बिगहा में छापेमारी की। बुधवार सुबह करीब तीन बजे तीनों आरोपितों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि मामले में तकनीकी टीम की मदद से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आरोपितों के खिलाफ कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# उपायुक्त ने शिक्षक-अभिभावक जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने आज समाहरणालय परिसर से शिक्षक-अभिभावक बैठक के व्यापक जनजागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं विद्यालयों में भ्रमण कर अभिभावकों को शिक्षक-अभिभावक बैठक में सहभागिता के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बेहतर शिक्षण परिणाम सुनिश्चित करने में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक एवं अभिभावकों के बीच नियमित संवाद से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, व्यवहार तथा सीखने में आने वाली कठिनाइयों का समय पर समाधान संभव हो सकेगा। इसलिए अभिभावकों से अपील है कि वह बैठक में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

जागरूकता रथ के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षक-अभिभावक बैठक के उद्देश्य, बच्चों की नियमित उपस्थिति, लर्निंग गैप को कम करने, विद्यालय एवं परिवार के संयुक्त प्रयासों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका के संबंध में जागरूक किया जाएगा। साथ ही सभी अभिभावकों से निर्धारित तिथियों में अपने बच्चों के विद्यालय पहुंचकर शिक्षक-अभिभावक बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की जाएगी।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता सुषमा लकड़ा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मानवाधिकार संगठन हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन के राज्य महासचिव राजेश सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर जिले में कथित रूप से संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों, भ्रूण लिंग जांच और भ्रूण हत्या जैसे गंभीर मामलों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। श्री सिन्हा ने कहा कि जिले के सरिया, डुमरी, राजधनवार और जमुआ सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई अवैध नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन केंद्रों में अल्ट्रासाउंड की आड़ में भ्रूण लिंग जांच और भ्रूण हत्या जैसे गंभीर अपराधों को बढ़ावा दिए जाने की आशंका है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता, प्रभाव, पैरवी और धनबल के कारण कई मामलों में जांच आगे नहीं बढ़ पाती और शिकायतें ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। उनका आरोप है कि कुछ स्थानों पर योग्य चिकित्सकों के नाम और दस्तावेजों का उपयोग कर अन्य लोग अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड मशीनों का संचालन कर रहे हैं तथा भारी रकम लेकर भ्रूण लिंग जांच जैसी गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त होते हैं। राजेश सिन्हा ने कहा कि यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह न केवल पीसीपीएनडीटी अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग जांच रोकने के लिए कानून में सख्त प्रावधान हैं, इसलिए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि संदिग्ध अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बेटी बचाओ अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से सरिया, डुमरी और राजधनवार क्षेत्रों में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीनों के कथित दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

# 4 लेबर कोड और 12वें वेज बोर्ड की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजमहल।** संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार श्रम संहिताओं (4 लेबर कोड) के विरोध तथा 12वें वेज बोर्ड की समय पर घोषणा एवं क्रियान्वयन की मांग को लेकर राजमहल ओसीपी में कर्मचारियों और संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान गेट मीटिंग आयोजित कर श्रमिकों की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों ने एकजुट होकर सरकार और प्रबंधन से श्रमिक हितों की रक्षा करने, श्रमिक विरोधी प्रावधानों को वापस लेने तथा 12वें वेज बोर्ड को बिना किसी विलंब के लागू करने की मांग की। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि श्रमिकों की जायज मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और व्यापक तथा निर्णायक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने श्रमिक एकता का परिचय देते हुए अपने अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राजमहल एरिया कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रबंधन को सौंपा।

# विवाह योग्य कन्या को भेंट की विदाई सामग्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** बाल विवाह एवं दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था आशा पायल फाउंडेशन ने गोड्डा प्रखंड के रानीडीह पंचायत अंतर्गत मल्हारा गांव निवासी गोपाल पंडित की पुत्री सुमित्रा कुमारी के विवाह अवसर पर उपहार स्वरूप विदाई सामग्री प्रदान की। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्था की ओर से ट्रंक, तोषक, कंबल, बेडशीट, तकिया, चुनरी, स्टील बर्तन सेट, वर-वधू के वस्त्र तथा श्रृंगार का सामान भेंट किया गया।

यह सामग्री रानीडीह पंचायत की मुखिया पिंकी देवी के पति अजय पंडित के हाथों कन्या को सौंपी गई इस अवसर पर संस्था के गोड्डा जिला प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, उप जिला प्रबंधक आशीष कुमार, गौतम कुमार दास, हराधन शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

उपस्थित लोगों ने संस्था के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

संस्था के बिहार-झारखंड प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने दूरभाष पर बताया कि आशा पायल फाउंडेशन जरूरतमंद कन्याओं को विदाई सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चला रही है। उन्होंने कहा कि समाज को इन कुरीतियों से मुक्त बनाने के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट ने किया वृक्षारोपण, लगाए 50 फलदार पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नए लायन वर्ष की शुरूआत के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट की ओर से बुधवार को किरण पब्लिक स्कूल, कोल्डिहा परिसर में 50 फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट स्तर पर आयोजित वन डिस्ट्रिक्ट, वन एक्टिविटी अभियान के तहत संपन्न हुआ।

क्लब के अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन ने बताया कि नए सत्र की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ की गई है। उन्होंने कहा कि क्लब ने इस वर्ष गिरिडीह एवं आसपास के क्षेत्रों में कम से कम एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि क्लब आगामी वर्ष में मानव सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने का निरंतर प्रयास किया जाएगा।




कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ. सुमन, कोषाध्यक्ष मसरूर सिद्दीकी, लायन अमरनाथ मंडल, सौरभ महासेठ, दशरथ प्रसाद, सुदीप गुप्ता, विकास गुप्ता, गौतम सागर, सचिन कुमार, उदय भदानी, राहुल कुमार, किरण पब्लिक स्कूल के संस्थापक अशोक सिंह, निदेशक राजीव रंजन सहित क्लब के कई सदस्य एवं विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे।

## शिविर के पहले दिन 38 लोगों को मिला लर्निंग लाइसेंस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरकार के निर्देश पर गिरिडीह जिले में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत हो गई है। अभियान के तहत बुधवार को बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में दो दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया, जहां पहले दिन 61 लोगों ने आवेदन किया। दस्तावेजों की जांच के बाद 38 पात्र आवेदकों को उसी दिन लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

यह अभियान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा के निर्देश तथा उपायुक्त रामनिवास यादव के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को उनके प्रखंड स्तर पर ही ड्राइविंग लाइसेंस की सुलभ और पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक नागरिकों को वैध चालक अनुज्ञप्ति से जोड़ना है।

# गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के कोईरीडीह मौजा स्थित 29.5 एकड़ कथित सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप को लेकर मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मधवाडीह पंचायत के मुखिया मो. सिद्दीक अंसारी ने मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल सहित राज्य के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

मुखिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अंचल बेंगाबाद के हल्का संख्या-7, मौजा कोईरीडीह, थाना संख्या-48, खाता संख्या-10 एवं प्लॉट संख्या-05 की कुल 29.5 एकड़ भूमि को तत्कालीन अंचल अधिकारी, बेंगाबाद ने पत्रांक-351, दिनांक 20 मई 2025 के माध्यम से झारखंड सरकार की गैरमजरूआ भूमि घोषित किया था। इसके बावजूद विजय सिंह द्वारा उक्त भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसआईटीई) का संचालन किए जाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इसी भूमि पर पूर्व में भूदान योजना के तहत दलित एवं पिछड़े वर्ग के कई परिवारों को जमीन आवंटित की गई थी। कथित अवैध कब्जे के कारण वे लाभुक अपनी जमीन से वंचित रह गये। जिससे भूदान योजना का उद्देश्य भी प्रभावित हुआ है।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच प्रमुख द्वारा भी कराई गई थी, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही सूचना का अधिकार के तहत संबंधित भूमि से जुड़े अभिलेख भी मांगे गए हैं। कई अधिकारियों को भेजी गई शिकायत मो. सिद्दीक अंसारी ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव, उपायुक्त, एसडीओ अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सीओ, आयुक्त तथा भू-अर्जन पदाधिकारी, को शिकायत भेजकर जांच की मांग की है।

# 15 फीट गहरी नहर में गिरी स्कूल मैजिक वैन

## 13 बच्चे घायल, तीन की हालत गंभीर

### बच्चों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे पूर्व सांसद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। संत जेवियर हाई स्कूल, अंबा की बच्चों को लेकर जा रही एक मैजिक वैन तमसी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट गहरी नहर में गिर गई। हादसे में 13 स्कूली बच्चे घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूल वैन सुबह कुटुंबा, लखना, महुआ धाम और मीरपुर गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तमसी मोड़ के पास अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद मैजिक वैन सड़क से नीचे नहर में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकालकर कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घायलों में मीरपुर निवासी साक्षी कुमारी (11), कुटुंबा बाजार निवासी साक्षी कुमारी (12), आदित्य राज (12), सिकरिया निवासी आरबी प्रताप (5), कुटुंबा निवासी अमी कुमारी (12), लकी राज सैनिक (12), मीरपुर निवासी कुमार सुगंध आर्यन (8), सृष्टि कुमारी (5), हर्ष कुमार (12), महुआ धाम निवासी आयुष कुमार (10), अक्षय कुमार (7), मिर्ज़ापुर निवासी वैभव गौरव (6), मौली कुमारी (7), आबिद राजा (13) और अमित कुमार (7) शामिल हैं। इनमें आरबी प्रताप, हर्ष कुमार और मौली कुमारी की हालत गंभीर बताई गई है। हादसे के बाद अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि बच्चों के परिवहन के लिए पुराने और जर्जर वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है तथा निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को एक ही वाहन में बैठाया जाता है। उनका आरोप है कि पहले भी स्कूल वाहनों से जुड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूल प्रबंधन और फरार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# पांच वर्षीय मासूम की निर्मम हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** टंडवा थाना क्षेत्र मोहरी ईटवां गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। प्रेम प्रसंग की भेद खुल जाने की डर से एक युवक ने पांच साल के मासूम बच्चे की निर्मम हत्या कर दी और शव को गांव के बाहर झाड़ियों में फेंक दिया। मृतक की पहचान उस गांव निवासी प्रमोद सिंह के पुत्र सिद्धार्थ कुमार के रूप में हुई है। वहीं आरोपी की पहचान गांव के ही जनेश्वर राम के 20 वर्षीय पुत्र धनसेवक कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बुधवार सुबह मासूम का शव बरामद किया और कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि 30 जून की सुबह करीब 9 बजे बच्चे के पिता प्रमोद सिंह ने टंडवा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनका पांच वर्षीय बेटा सिद्धार्थ कुमार सोमवार रात से घर से लापता है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज किया और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू किया। मामले की सच्चाई तक पहुंचने के लिए खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने मामले की जांच तेज करते हुए लगातार छापेमारी और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी तरीकों से जांच करते हुए महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। पुलिस को मिले ठोस इनपुट के आधार पर धनसेवक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से लगातार पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने मासूम की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गांव के बाहर झाड़ियों और बांसवाड़ी से मासूम सिद्धार्थ का शव बरामद किया। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले का खुलासा होने के बाद एसडीपीओ सुशील कुमार खुद घटनास्थल पहुंचे। उनके साथ नवीनगर के अंचल पुलिस निरीक्षक सूरज कुमार, टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम, जिला आसूचना इकाई और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह प्रेम प्रसंग सामने आई है। जांच में पता चला है कि मासूम को आरोपी के प्रेम संबंधों की जानकारी हो गई थी। इसी बात के खुलासे के डर से आरोपी ने बच्चे की हत्या कर दी। हालांकि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद गांव में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। मामले में सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई जारी है।

# नाबालिग के अपहरण मामले में अभियुक्त को आज होगी सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विश्व विभूति गुप्ता के कोर्ट में टंडवा थाना की एक कांड में अभियुक्त रंजीत राजवंशी को आज सज़ा सुनाई जाएगी। एपीपी रामनरेश प्रसाद ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त को भादंवि धारा -354, 363, 366 में 18 जून 2026 को दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। प्राथमिकी सूचक ने 15 अक्टूबर 2008 को प्राथमिकी में बताया था कि 30 सितंबर 2008 को अभियुक्त ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शादी के प्रलोभन देकर घर से भगा ले गया। नाबालिग 14 अक्टूबर 2008 को वापस आई तो स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों ने उचित फैसला करना चाहा। लेकिन अभियुक्त और उसके परिजन गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। साथ ही कहा जहां जाना है जाओ। तत्पश्चात अभियुक्त पर उचित कानूनी कार्रवाई हेतु थाना में आवेदन दिया।

# एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम जनता की समस्याओं को सुनने और पुलिस प्रशासन के प्रति उनका विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जनों फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, आपसी रंजिश, चोरी, घरेलू हिंसा और पुलिस कार्रवाई में देरी से जुड़े कई मामले एसपी के सामने आए। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी फरियादियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके शिकायती आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों और फोन के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारियों व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और सभी मामलों में निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दरबार का उद्देश्य लोगों के समस्याओं का सही समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार से सीधे पुलिस अधीक्षक तक अपनी बात पहुंचाने वाले फरियादियों में काफी संतोष देखा गया। कई पीड़ितों ने बताया कि थाने स्तर पर सुनवाई न होने के बाद वे यहां आए थे, जहां पुलिस अधीक्षक के त्वरित निर्देश के बाद अब उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

# सांप काटने से महिला की मौत

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा थानाक्षेत्र के चांदी गांव निवासी जितेन्द्र महतो की लगभग 41 वर्षीय पत्नी विनिता देवी की मौत विषैला सांप काटने से हो गई। घटना सुबह की बतायी जा रही है। सांप काटने के बाद परिजन हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हालाकि परिजन द्वारा चिकित्सक का लापरवाही बताया जा रहा है। महिला को पैर के अगुंठा के सांप काटा था। इसके बाद परिजन उसे रस्सी से बांधकर अस्पताल लेकर आए। परिजनों का कहना है कि चिकित्सक रस्सी को जैसे खोला विष शरीर में फैलने लगा तो ड्यूटी पर तैनात डॉ ने मरीज को बाहर रेफर कर दिया। परिजन मरीज को लेकर गयाजी जाने के क्रम में रास्ते मे ही मौत हो गई। परिजनों ने मृतक का शव लेकर हसपुरा वापस लौट कर नरसन रोड मोड़ पर शव रखकर चिकित्सक के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीण उग्र होकर नरसंन मोड़ के पास मेन रोड को जाम कर चिकित्सक के खिलाफ नारा लगाने लगे। सड़क जाम कि सूचना मिलते थानाध्यक्ष दिनेश कुमार दलबल के साथ पहुंचे और सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटाया।

# 71वें स्थापना दिवस पर एसबीआई ने ग्राहकों का किया सम्मान, उत्कृष्ट सेवाओं का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 71वां स्थापना दिवस बुधवार को औरंगाबाद क्षेत्रीय कार्यालय सहित जिले की विभिन्न शाखाओं में उत्साह, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्राहकों का स्वागत कर उन्हें शॉल और बुके भेंटकर सम्मानित किया तथा बैंक की गौरवशाली यात्रा और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को याद किया। रमेश चौक स्थित एसबीआई शाखा में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक



राकेश कुमार ने कहा कि स्थापना के बाद से भारतीय स्टेट बैंक ने करोड़ों ग्राहकों का विश्वास अर्जित करते हुए बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एसबीआई आज डिजिटल बैंकिंग, कृषि ऋण, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा ऋण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों का विश्वास ही बैंक की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास को बनाए रखने के लिए एसबीआई लगातार आधुनिक तकनीक एवं नवाचार के साथ बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। स्थापना दिवस समारोह के दौरान बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बेहतर ग्राहक सेवा, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। वहीं उपस्थित ग्राहकों ने भी बैंक की सेवाओं की सराहना करते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय स्टेट बैंक भविष्य में भी आधुनिक तकनीक, नवाचार और उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए देश के आर्थिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। समारोह के अंत में सभी ग्राहकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उप शाखा प्रबंधक चंद्रभूषण कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय से श्रीधर कुमार, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

# हत्या के जुर्म में अभियुक्त दोषी करार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज राजीव रंजन कुमार ने मुफ्फसिल थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मुख्य अभियुक्त को हत्या के जुर्म में दोषी ठहराया है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त बेला गांव निवासी नवलाख यादव को भादंवि धारा - 302 एवं आर्म्स एक्ट में दोषी करार दिया गया है। तीन अन्य अभियुक्त महेंद्र यादव, योगेन्द्र यादव एवं लालदेव यादव को दोषमुक्त किया गया है।

# विधि विरुद्ध किशोरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर प्रधान जिला जज गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंडल कारा औरंगाबाद एवं बच्चों के सुरक्षित स्थान का जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, किशोर न्याय परिषद के प्रधान दण्डाधिकारी सुशील प्रसाद, जेल अधीक्षक दीपक कुमार एवं जेलर सरोज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला जज के द्वारा प्रत्येक वार्ड में भ्रमण कर बंदियों की स्थिति का जायज़ा लिया। उनसे अधिवक्ता के संबंध में, भोजन एवं जेल की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधान जिला जज ने भीषण



गर्मी और आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए जेल प्रशासन को कई निर्देश दिये। प्रधान जिला जज के द्वारा जेल प्रशासन को जरूरतमंद बंदियों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला जज ने निरीक्षण के दौरान रसोई घर की व्यवस्था खाने की मेनू की जांच की। जेल प्रशासन को मेनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान जिला जज ने अस्पताल में निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध दवाईयों और चिकित्सक के संबंध विस्तृत जानकारी ली। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचने के लिये समुचित मात्रा संबंधित दवाईयां की उपलब्धता रखने की निर्देश दिया। उसके बाद उनके द्वारा लीगल ऐड पंजी एवं दी जाने वाली सहायताओं के संबंध में निरीक्षण किया। उनके द्वारा बच्चों को सुरक्षित स्थान बभण्डी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उक्त स्थल पर कई कमियां पायी, खासकर बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर काफी कमियां पाई गयी जिसे प्रधान जिला जज ने जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया ताकि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल नही पड़े। इसके अतिरिक्त कई अन्य निर्देश बच्चों के सुरक्षित स्थान के अधीक्षक राजू कुमार को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा दिया गया।

# सात दिवसीय वन महोत्सव में पांच हजार पौधे लगाने का संकल्प




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मंगलवार से सात दिवसीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी सात दिनों में शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर कुल 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार भी हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बर्सर डॉ. विवेक कुमार, प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी, नैक समन्वयक डॉ. तरुण माथुर, डॉ. जुबैर आलम, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. संजय रमन, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अनिल लाल, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. रूबी कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, राजेश चौधरी, मनोज बिहारी, राज कुमार सिंह, मुकेश कुमार, लेखपाल विवेक कुमार, सहायक राजाउद्दीन ख़ान, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, संतन कुमार, मनीष कुमार, डब्लू गिरी, अजय वर्मा, शत्रुधन सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के ओबरा थाना क्षेत्र स्थित देवी मंदिर परिसर में एक बच्चे के गले से सोने का लॉकेट चोरी करने के मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2,500 रुपये नकद तथा उनकी निशानदेही पर बेचा गया सोने का लॉकेट भी बरामद कर लिया है।

# किसानों को कम लागत से मिल रहा अधिक उत्पादन का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के फ़ेसर में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा संचालित उत्तम संतुलित पोषण अभियान के अंतर्गत जिले में किसानों के लिए फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक का उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रबंधक दिलीप यदुवंशी ने बताया गया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ लागत में भी कमी आती है। साथ ही, अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के




उपयोग से होने वाले मृदा के दुसप्रभाव को रोका जा सकता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ अनूप चौबे ने कहा कि संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने से फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार होता है। किसानों को वैकल्पिक पोषक तत्वों, सूक्ष्म पोषक तत्वों एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी साथ ही बदलते जलवायु के परिपेक्ष में किसानों को खरपतवार एवं रोगव्याधी प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दिए जिससे धान के फसल से ज्यादा उत्पादन लिया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और खेत स्तर पर किए गए प्रदर्शन को देखकर संतुलित पोषण तकनीकों को अपनाने में रुचि दिखाई। किसानों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिससे उन्हें वैज्ञानिक खेती अपनाने में सहायता मिलती है। चंबल फर्टिलाइजर्स के डिप्टी मैनेजर आशीष प्रताप ने किसानों के धान के फसल में पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तृत चर्चा किये साथ ही कंपनी के द्वारा किसानों को बेहतर उत्पादन, उच्च गुणवत्ता एवं अधिक आय सुनिश्चित करने के लिए लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। अंत में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने एवं मृदा स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया, जिससे दीर्घकालीन रूप से कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उत्तम कृषि सलाहकार अरुनीश कुमार ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

